Title Code :- RAJHIN27855

# दैनिक द डेस्प्रिंग

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्ष:04 अंक:255 मूल्य : 3 पृष्ठ:8 जयपुर, गुरूवार, 09 अक्टूबर, 2025 जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर सिरोही से प्रकाशित)

## यात्रीगण ध्यान दें! रेलवे देने जा रहा बड़ी सौगात

● यात्री अब बदल सकेंगे कंफर्म टिकट की भी तारीख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेलवे ने यात्रियों को बड़ी सहूलियत देने वाला फैसला लिया है। इस फैसले से उन यात्रियों को राहत मिलेगी, जिनका ट्रैवेल प्लान आखिरी वक्त में बदल जाता है। ऐसे यात्री कंफर्म टिकट की तारीखों में बदलाव करके यात्रा कर सकते हैं। रेलवे इसके लिए नई पॉलिसी लेकर आ रहा है। बता दें कि अभी तक कंफर्म टिकट की तारीखों में बदलाव की गुंजाइश नहीं थी। इससे यात्रियों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता था। पहले तो कंफर्म टिकट कैंसिल कराने में पैसे कट जाते थे। इसके अलावा इस बात की भी गुंजाइश बहुत कम रहती थी कि अगली तारीख का टिकट कंफर्म ही मिलेगा। अभी तक कंफर्म टिकटों की तारीख बदलने का नियम नहीं है। अभी के नियमों के मुताबिक जिस दिन यात्रा करनी है, उसके 48 से 12 घंटे पहले अगर टिकट रद्द कराया जाता है तो किराए की 25 फीसदी राशि कट जाती है। यह समय जैसे-जैसे कम होता जाता है,




कैंसिलेशन फीस बढ़ती जाती है। अगर चार्ट तैयार हो गया है तब तो टिकट का पूरा पैसा ही कट जाता है लेकिन रेलवे का नया नियम लागू होने के बाद ऐसा नहीं होगा। नए नियम लागू होने के बाद रेलवे के कंफर्म टिकटों को भी री-शिड्यूल किया जा सकेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस संबंध में जानकारी दी है। इसे उदाहरण से समझें। मान लीजिए किसी यात्री को 25 अक्टूबर को यात्रा करनी है लेकिन किसी वजह से उसे अपनी यात्रा की तारीख बदलनी पड़ती है। अब मान लीजिए उसे 30 अक्टूबर को यात्रा करनी है। इसके लिए यात्री अपने कंफर्म टिकट की तारीख में ऑनलाइन बदलाव कर सकता है। नई व्यवस्था जनवरी 2026 से लागू होगी। हालांकि इसमें एक पेच भी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि जिस डेट में यात्री को जाना है, उस डेट की कंफर्म टिकट ही उसको मिले। टिकट का कंफर्मेशन इस बात पर निर्भर करेगा कि उस डेट में सीट उपलब्ध है या नहीं।

## रसायन विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार का ऐलान

● सुसुमु कितागावा, रिचर्ड रॉबसन और ओमर यागी को मिला सम्मान

**स्टॉकहोम (एजेंसी)।** साल 2025 का रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार जापान के सुसुमु कितागावा, ऑस्ट्रेलिया के रिचर्ड रॉबसन और अमेरिका के ओमर एम. यागी को दिया गया है। स्वीडिश रॉयल एकेडमी ऑफ साइंसेज ने यह सम्मान उन्हें मेटल-ऑर्गैनिक फ्रेमवर्क्स के विकास के लिए दिया है। यह ऐसे क्रिस्टलीय पदार्थ हैं जो धातुओं और ऑर्गैनिक अणुओं से




मिलकर बनते हैं और गैसों, दवाओं और रसायनों के भंडारण और शुद्धिकरण में अहम भूमिका निभाते हैं। इनकी खोज ने सामग्री विज्ञान और रसायन शास्त्र दोनों में नई संभावनाएं खोली हैं। साल 1901 से 2024 के बीच 195 व्यक्तियों को 116 रसायन विज्ञान पुरस्कार दिए गए हैं। वर्ष 2024 का पुरस्कार सिएटल स्थित वाशिंगटन विश्वविद्यालय के जैव रसायन शास्त्री डेविड बेकर और लंदन स्थित ब्रिटिश-अमेरिकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुसंधान प्रयोगशाला, गूगल डीपमाइंड के कंप्यूटर वैज्ञानिक डेमिस हसाबिस और जॉन जम्पर को दिया गया था। साल 2025 के पहले नोबेल पुरस्कार की घोषणा सोमवार को की गई।

## एक जीबी डेटा की कीमत एक कप चाय से भी कम

### मोदी बोले-भारत कभी 2 जी के लिए जूझता था, आज सभी जिलों में 5जी कनेक्टिविटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली स्थित यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के 9वें एडीशन का उद्घाटन किया। यह एशिया का सबसे बड़ा टेलीकॉम, मीडिया और टेक्नोलॉजी इवेंट है। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा- जब मैंने मेक इन इंडिया की बात कही थी तो कुछ लोग इसका मजाक उड़ाते थे। उन्हें जवाब मिल गया है। जो देश कभी 2जी को लेकर स्ट्रगल करता था, आज उसी देश के सभी जिले में 5जी पहुंच गया है। आज 1जीबी की कीमत एक कप चाय से भी कम है।



**केंद्रीय संचार मंत्री ने कहा**

आज दुनियाभर के बीस देश भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉडल को अपनाने के लिए चर्चा कर रहे हैं। दूसरे देशों से टेक्नोलॉजी लेने और फॉलो करने वाला भारत आज विश्व का डिजिटल ध्वजवाहक बन गया है। 150 से ज्यादा देशों से 1.5 लाख से ज्यादा स्पीकर्स शामिल होंगे इंडियन मोबाइल कांग्रेस 8 से 11 अक्टूबर तक चलेगी। इसमें देश-विदेश की कंपनियां, स्टार्टअप्स और विशेषज्ञ नई तकनीकों को पेश करेंगे।

● **सिंधिया बोले- टेक्नोलॉजी फॉलो करने वाला भारत आज सबसे आगे-** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- आज हमारी दूरसंचार क्रांति चार डी पर आधारित है - डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिजिटल फर्स्ट और डिलीवरी। 2014 में 1 जीबी डेटा की कीमत 287 हुआ करती थी। आज उसी 1 जीबी डेटा की कीमत केवल 9.11 है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा- यह सिर्फ दूरसंचार क्रांति नहीं है। यह विकसित भारत की क्रांति है। कौशल हमें शक्ति देता है, सुरक्षा हमें आत्मविश्वास देती है और संप्रभुता हमें आत्मनिर्भर बनाती है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत दुनिया पर निर्भर देश से आत्मनिर्भर भारत में बदल रहा है।

## साठ करोड़ जमा करें तभी जा पाएंगी विदेश

● फ्रॉड केस में शिल्पा शेट्टी पर हाईकोर्ट का पारा 'हाई'

**मुंबई (एजेंसी)।** शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा यदि विदेश जाना चाहते हैं तो उन्हें पहले 60 करोड़ रुपये की रकम जमा करनी होगी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह आदेश दिया है। शिल्पा शेट्टी और उनके पति ने अदालत से कहा था कि वे अमेरिका के लॉस एंजिलिस एवं अन्य देश जाना चाहते हैं। इस पर अदालत ने कहा कि उनके जाने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन पहले 60 करोड़ रुपये जमा करने होंगे। दरअसल दंपति पर आरोप है कि उन्होंने एक कारोबारी से 60 करोड़ रुपये लिए और उसे नहीं लौटाया। कारोबारी दीपक कोठारी का आरोप है कि शिल्पा और राज



कुंद्रा ने उनसे कारोबार के नाम पर यह रकम ली, लेकिन इसे अपने निजी खर्च में इस्तेमाल किया। शिल्पा शेट्टी के घर सोमवार को ही पूछताछ हुई थी।

## जुबिन गर्ग की मौत के मामले में बड़ा ऐक्शन

### चचेरा भाई हुआ गिरफ्तार असम में है डीएसपी

**दिसपुर (एजेंसी)।** सिंगर जुबिन गर्ग की मौत के मामले की जांच कर रही असम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। खबर है कि सीआईडी ने सिंगर के चचेरे भाई संदीपन गर्ग को गिरफ्तार किया है। खास बात है कि संदीपन असम पुलिस में डीएसपी पद पर हैं। वह सिंगर के साथ ही सिंगापुर यात्रा पर गए थे। जुबिन की 19 सितंबर को याच पार्टी के दौरान डूबने के चलते मौत हो गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस मामले



में यह 5वीं गिरफ्तारी है। संदीपन भी जुबिन के साथ सिंगापुर गए थे और यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी। खबर है कि वह भी याच पार्टी में थे और घटना के बाद जुबिन से जुड़ी चीजों को भारत लेकर आए थे। अधिकारियों का कहना है कि पांच दिनों की पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया है। असम सीआईडी के एसडीजीपी मुन्ना गुप्ता ने कहा है, आज हमने पूछताछ के बाद संदीपन को गिरफ्तार किया है। चूंकि अभी जांच जारी है इसलिए इससे ज्यादा खुलासा नहीं कर सकते। उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा और पुलिस कस्टडी की मांग की जाएगी। इससे पहले पुलिस ने 2 अक्टूबर को जुबिन के बैंड में शामिल शेखर ज्योति गोस्वामी, अमृतवर्व महंत को गिरफ्तार किया था।

## आजम सपा के दरख्त हैं, उन्हें झूठा फंसाया गया

● रामपुर में आजम खान से मिलकर बोले सपा चीफ अखिलेश ● किया वादा, 2027 में सरकार बनने पर झूठे मुकदमे वापस होंगे

**रामपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में आजम खान और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की करीब दो घंटे बैठक हुई। इस दौरान सपा अध्यक्ष ने वरिष्ठ नेता आजम खान से मुलाकात के बाद जोरदार बयान देते हुए कहा है कि आजम खान सपा के सबसे पुराने नेताओं में से एक हैं। उनके साथ हुई बैठक सकारात्मक और गहन रही। उन्होंने कहा कि आगे भी इस प्रकार से मुलाकातें और बैठकों का दौर जारी रहेगा। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में अखिलेश ने आजम खान, उनके परिवार पर लगे मामलों, सपा की राजनीतिक रणनीति और केंद्र एवं राज्य की राजनीति को लेकर कई दावे और आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आजम खान के राजनीतिक परिवार को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इस परिवार पर झूठे मुकदमों का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने की कोशिश में है। अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खान पार्टी के बहुत पुराने नेता हैं। आजम खान साहब के साथ हमारी बहुत अच्छी बात हुई है, हमारी अच्छी मुलाकात हुई है।



● **आजम खान पर लगे मुकदमों पर हमला-** कानूनी परेशानियों का जिक्र करते हुए अखिलेश ने आरोप लगाया कि आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्लाह आजम के खिलाफ बहुत झूठे केस दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन मामलों की संख्या इतनी अधिक है कि अगर गिनती की जाए तो यह गिनीज बुक में दर्ज होने लायक होगी।

## जयपुर में जहां 200 सिलेंडर फटे, वहां केमिकल का रिसाव

### पुलिस ने रेस्टोरेंट-ढाबे खाली कराए, जिंदा जल गया ड्राइवर

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर में 200 सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद सुबह रेस्क्यू के दौरान टैंकर से केमिकल का रिसाव हो गया है। पुलिस ने इसके आसपास बैरिकेडिंग करके लोगों को हटा दिया है। आसपास के रेस्टोरेंट-ढाबे भी खाली कराए गए हैं। मंगलवार देर रात जयपुर-अजमेर हाईवे पर मोखमपुरा में एलपीजी सिलेंडर से भरे ट्रक को केमिकल टैंकर ने टक्कर मार दी थी। इससे आग लग गई और एक-एक करके 200 सिलेंडर फट गए। टैंकर का ड्राइवर रामराज मीणा (35) जिंदा जल गया। 5 लोग घायल हो गए। एलपीजी ट्रक के पास खड़ी 5 गाड़ियां भी जल गईं। हालांकि, टैंकर में भरे केमिकल ने आग नहीं पकड़ी थी।



## एफआईआर में नाम, रिश्वत का आरोप और एक वीडियो

● आईपीएस पूरन कुमार की खुदकुशी मामले पर उठ रहे सवाल

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के मामले में कई सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल एक रिश्वत का केस सामने आया है, जिसे लेकर आरोप लग रहे हैं कि वाई पूरन कुमार को इस स्थिति तक पहुंचने के लिए मजबूर किया गया। सबसे ज्यादा चर्चा एक एफआईआर को लेकर है, जिसमें वाई पूरन कुमार का नाम भी शामिल कर लिया गया था। इसी को लेकर सवाल है कि आखिर सरकार से मंजूरी लिए बिना ही उनके नाम पर एफआईआर क्यों दर्ज हुई। खुदकुशी करने वाले आईएएस का



परिवार भी इसे लेकर सवाल उठा रहा है और कहा कि यह आत्महत्या नहीं है बल्कि उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया। यह मामला रोहतक के एक शराब कारोबारी से जुड़ा है, जिसने वाई पूरन कुमार के गनर सुशील कुमार के खिलाफ 2.5 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एफआईआर कराई थी। इसी मामले में वाई पूरन कुमार का नाम भी दर्ज किया गया है। कॉन्ट्रैक्टर ने इस वाकये का सबूत भी सीसीटीवी फुटेज और ऑडियो रिकॉर्डिंग के तौर पर सौंपा है। पुलिस ने सोमवार को एफआईआर दर्ज की थी और फिर उसी रात सुशील कुमार को अरेस्ट करके अदालत में पेश किया था। इसी को लेकर आईपीएस अधिकारी टेंशन में थे।

## भारत के लिए आर्कटिक का द्वार खोलेंगे पुतिन

### चीन पर लगाम लगाने की तैयारी, बर्फीला मार्ग है खास

**मॉस्को (एजेंसी)।** वैश्विक भू-राजनीति के बदलते परिदृश्य में, रूस और भारत के बीच सदियों पुरानी दोस्ती एक बार फिर नई ऊंचाइयों को छूने वाली है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दिसंबर में प्रस्तावित भारत यात्रा न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी, बल्कि आर्कटिक क्षेत्र में एक ऐतिहासिक समझौते की नींव भी रखेगी। यह समझौता नॉर्दर्न सी रूट और संसाधन विकास पर केंद्रित होगा जो भारत को आर्कटिक परिषद में बड़ी भूमिका दिलाने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। यह कदम न केवल आर्थिक अवसरों के द्वार खोलेगा, बल्कि चीन की बढ़ती आर्कटिक महत्वाकांक्षाओं के बीच रूस के लिए एक रणनीतिक संतुलन भी साबित होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, नई दिल्ली की नॉर्दर्न सी रूट के विकास में संभावित भागीदारी को लेकर बातचीत चल रही है और संभावना है कि इस साल होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन में इस दिशा में ठोस परिणाम सामने आ सकते हैं। नॉर्दर्न सी रूट रूस के उत्तरी तट के साथ आर्कटिक महासागर से होकर गुजरता है और पारंपरिक दक्षिणी समुद्री मार्गों की तुलना में करीब 40 फीसदी छोटा है। इस मार्ग से यूरोप और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के बीच तेज, सुरक्षित और किफायती कार्गो परिवहन संभव हो सकेगा। जुलाई 2024 में



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉस्को यात्रा के दौरान दोनों देशों ने आर्कटिक शिपिंग में सहयोग की संभावनाओं को लेकर एक संयुक्त कार्य समूह बनाने पर सहमति जताई थी। यह समूह रूस के विशेष आर्कटिक विकास प्रतिनिधि व्लादिमीर पानोव और भारत के नौवहन मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा की संयुक्त अध्यक्षता में काम कर रहा है। इस कार्य समूह की पहली बैठक अक्टूबर 2024 में नई दिल्ली में हुई, जिसमें आर्कटिक जहाज निर्माण परियोजनाओं में साझेदारी, भारतीय नाविकों को ध्रुवीय नौवहन प्रशिक्षण देने, और एनएसआर पर कार्गो शिपिंग सहयोग के लिए एक एमओयू तैयार करने पर चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार, रूस चाहता है कि भारत को आर्कटिक काउंसिल में अधिक प्रभावशाली भूमिका दी जाए। इसका एक प्रमुख कारण यह है कि मॉस्को क्षेत्र में चीन के बढ़ते दखल को संतुलित करना चाहता है। आर्कटिक इलाका जीवाश्म ईंधन और महत्वपूर्ण खनिजों से समृद्ध है, जिससे रूस और भारत दोनों के लिए यह रणनीतिक रूप से अहम बनता है। इसके साथ ही रूस इस बात पर भी जोर दे रहा है कि नॉर्दर्न सी रूट को ईरान के चाबहार बंदरगाह से जोड़ा जाए। भारत ने इस बंदरगाह के संचालन की जिम्मेदारी अगले दस वर्षों के लिए हासिल की है। रूस इस बंदरगाह का इस्तेमाल भारतीय महासागर क्षेत्र तक पहुंच के लिए करना चाहता है। पुतिन के आगामी भारत दौरे से काफी सारी उम्मीदें हैं।

### युडीएच मंत्री खर्रा का दांतारामगढ़ दौरा

# घटिया सड़क निर्माण कार्य को लेकर पीडब्ल्यूडी अधिकारी को लगाई फटकार

**यूडीएच मंत्री बोले क्वालिटी जांच करना आपकी जिम्मेदारी, ठेकेदार को पांबद करने के दिए निर्देश**

**द डेसिंप्रग**

**सीकर।** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा बुधवार को दांतारामगढ़ दौरे पर रहे। गौरतलब है कि यूडीएच मंत्री खर्रा दांतारामगज़ के महर्षि परशुराम पीजी कॉलेज में कबड्डी महिला प्रतियोगिता कार्यक्रम में शिकरत करने आएं थे। इस दौरान पचार वाया खाचरियावास से बाय की तरफ करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़क पूरी बनने से पहले ही उखड़ने का मामले में पत्रकारों एवं ग्रामीणों ने दी जानकारी तो मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पीडब्लयूडी अधिकारी मेघा



पारीक पर नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार लगाई। ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार के द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने से सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही उखड़ने रही है। सड़क निर्माण के लिए करोड़ों का बजट आवंटित किया गया था, लेकिन निर्माण इतना घटिया करवाया जा रहा है कि लोगों के छूने से ही सड़क उखड़ रही है। जबकी सड़क निर्माण की गारंटी 5 साल की दी गई है।मामले को लेकर यूडीएच मंत्री खर्रा ने पीडब्लयूडी अधिकारी से कहा कि क्वालिटी जांच करना आपकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा ऐसे ठेकेदार अगर लापरवाही और मनमानी करते रहेंगे तो कैसे काम चलेगा। उन्होंने कहा कि आप सज़्क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर जांच करेंगे और ठेकेदार को पाबंद करेंगे कि कार्य गुणवत्तापूर्ण हो। ऐसी शिकायत फिर मिली तो मैं सड़क परिवहन मंत्री से बात करूंगा और आवयक कार्यवाही की जाएगी।

## अंतराष्ट्रीय ब्राम्हण महासंगठन के शहर प्रभारी बने राकेश शर्मा



**निवाई/अशोक** लांगडी, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पद्माकर कुमार द्विवेदी ने राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष की अभिशंषा पर राकेश कुमार शर्मा को सांगानेर जयपुर में संगठन का तहसील अध्यक्ष व निवाई जिला टौंक राजस्थान में तहसील प्रभारी के पद पर नियुक्ति पत्र जारी किया गया है। राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि सर्व समाज को साथ लेकर समाज हित में कार्य करूंगा।

इस अवसर पर समर्थकों ने माला एवं साफा पहनाकर राकेश कुमार शर्मा का स्वागत किया।

### पार्षद सांखला ने वार्ड 22 में गंदे पानी व नालों की सफाई को लेकर प्रदर्शन

# कंवरपूरा रोड, जति जी का जाव क्षेत्र के लोगों ने जताया आक्रोश, नगर परिषद को सौंपा ज्ञापन

**द डेसिंप्रग**

**सीकर/ नरेश सैन**

वार्ड नंबर 22 स्थित कंवरपूरा रोड, जति जी का जाव क्षेत्र में पिछले चार माह से कॉलोनी की गलियों में गंदा पानी भरे रहने और नालों की सफाई नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया।

स्थानीय पार्षद शंकरलाल सांखला के नेतृत्व में सैकड़ों महिला-पुरुषों ने एकजुट होकर नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।प्रदर्शनकारियों ने बताया कि कॉलोनी में जगह-जगह गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर परिषद की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने कहा कि इस लापरवाही के कारण अब तक कई बार





महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग गंदे पानी में फिसलकर चोटिल हो चुके हैं। पार्षद सांखला ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो नागरिक नगर परिषद के मुख्य द्वार पर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

इस मौके पर भागीरथ सैनी, राकेश सैनी, सरवन कुमार, शयोजीराम, प्रभुदयाल पवन शर्मा लक्ष्मण कुमावत पवन थालोड़ सावित्री देवी विमला कमला पूर्णिमा संतोष माया शर्मा राधा सैनी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### लायंस क्लब शक्ति द्वारा गौ माता के लिए गोस्वामी काक्रयम आयोजित



**सीकर ।** नरेश सैन लायंस क्लब शक्ति द्वारा सेवा प्रकल्प के रूप में बुधवार को सालासर रोड स्थित गोपीनाथ गौशाला में हरा चारा व गोस्वामणी का आयोजन किया गया। लायंस क्लब शक्ति की सचिव एडवोकेट पूजा शर्मा ने बताया की कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष अलका शर्मा , कोषाध्यक्ष पूनम शर्मा, सुमनखेतान, मधुसाबू, चंदा गोयनका, विनीता मिश्रा सहित लायंस क्लब सीकर से सेवा सप्ताह संयोजक अशोक शर्मा, लायंस क्लब के सचिव विनोद दाधीच सहित काफी संख्या में लायन मौजूद रहे।

### पीस पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**लायंस क्लबों का संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित**



**सीकर। नरेश सैन** ,लायंस क्लब सीकर के सेवा सप्ताह के पांचवे दिन जोन 1की लायंस क्लबों द्वारा संयुक्त रूप से विवेकानंद सी.से.स्कूल दूजोद में पीस पोस्टर प्रोजेक्ट आयोजित किया गया.जिसमें लायंस क्लब के सदस्यों ने उपस्थिति दी।. जोन पर्सन सुरेन्द्र चौधरी, लायंस क्लब सीकर अध्यक्ष मणि शंकर काबरा,रीजन सर्विस वीक कॉर्डिनेटर अशोक शर्मा, लायन शिव कुमार अग्रवाल, पवन सराफ, हरि प्रसाद मोदी, सुनील जांगिड़,सचिव विनोद दाधीच, कल्याण धणी अध्यक्ष उद्देश घासोलिया,नरेश प्रधान,अरविंद माथुर,मनोज गोरा,सोमेंद्र कुमावत,संदीप हर्षवाल,मंजुला हर्षवाल,सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।छठी क्लास से नवी क्लास तक के छात्र छात्राओं ने ÷विश्व शांति÷ विषय पर पोस्टर बनाए ।इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ तीन पोस्टर बनाने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक दिया गया।

### राजमिस्त्री बना स्नैचर: भमोरा पुलिस ने एनकाउंटर में दबोचा, अवैध तमंचा और सोने के कुण्डल बरामद

**पुलिस पर जानलेवा फायरिंग कर भागने की कोशिश, जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली**

**( अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो ) देवचरा/बरेली।** पुलिस ने लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर अपराधी दिनेश को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह गिरफ्तारी थाना भमोरा पुलिस द्वारा बीती रात (07/08 अक्टूबर 2025) चेकिंग के दौरान हुई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी है, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में दबोच लिया गया। दिनांक 04 अक्टूबर 2025 को थाना भमोरा पर एक महिला वादिनी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह सुबह देवचरा के पास टहल रही थी, तभी एक अज्ञात व्यक्ति उसके कानों से सोने के कुण्डल खींचकर भाग गया। इस संबंध में थाना भमोरा पर मु0अ0सं0 466/25 धारा 304 बीएनएस (नया कानून) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना भमोरा पुलिस लगातार सीसीटीवी फुटेज और वादिनी द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही थी। 07/08 अक्टूबर की रात्रि में चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि यह अभियुक्त भमोरा थाना क्षेत्र के पढ़री दाल पर मौजूद है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सनी चौधरी के नेतृत्व में पूरी टीम मौके पर पहुँची। पुलिस टीम ने जब अभियुक्त दिनेश पुत्र झुन्नीलाल (निवासी देवचरा, मूल निवासी संभल) को घेरने का प्रयास किया, तो उसने खुद को घिरता देख जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में दिनेश के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पूछताछ और बरामदगी -गिरफ्तारी के बाद आरोपी के कब्जे से लूटे गए सोने के कुण्डल के साथ-साथ एक अवैध तमंचा (315 बोर), एक जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। पूछताछ में अभियुक्त दिनेश ने बताया कि वह मूल रूप से संभल का रहने वाला है



### ग्रामीण सेवा शिविर-हर पात्र व्यक्ति तक पहुंची राहत

# जिले के ग्रामीणों को मिला जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ

**द डेसिंप्रग**

**सीकर 8 अक्टूबर।** जिले में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 17 सितम्बर से ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर आमजन के लिए राहत का माध्यम बनकर उभरे हैं। इन शिविरों में अधिकतम लोगों को विभिन्न विभागों से जुड़ी योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया है। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविरों में भूमि विभाजन, फसल बीमा, जाति प्रमाण पत्र, खाद्य सुरक्षा योजना, पशु बीमा, स्वास्थ्य सेवाएं एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ घर के पास ही ग्रामीणों को मिल रहा है। राजस्व विभाग द्वारा अब तक 186 कुर्रेजात प्रकरणों का निस्तारण, 565 भूमि



विभाजन, 1,627 फार्मर रजिस्ट्री स्वीकृत, 4,186 मूल निवास और 6,300 जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए। किसान गिरदावरी ऐप की जानकारी 23,365 किसानों को दी गई, जिनमें से 10,822 ने ऐप डाउनलोड किया। नामांतरण के कुल 2,628 प्रकरणों में से 2,311 का निस्तारण किया गया, वहीं भू-राजस्व अधिनियम के 2,770 में से 2,640 प्रकरणों का समाधान हुआ हैं। जिले में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत 1,825 बीपीएल परिवारों में से 1,362 का सर्वे किया गया तथा स्कूलों की मरम्मत के लिए 1,00,021.65 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। आयोजना विभाग द्वारा जन आधार योजना में 67 नए परिवार जोड़े गए, 425 नए सदस्य जुड़े और 1,926 कार्डों में संशोधन किया गया। सहकारिता विभाग ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 501 किसानों की ई-केवाईसी और 462 बैंक आधार सीडिंग पूर्ण की। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा स्क्क छ्द्ध कार्ड के 4, पालनहार योजना के 135 आवेदन (103 चिन्हित व 32 नवीन), मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के 3 स्वीकृत आवेदन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 1,336 पेंशनर्स का वार्षिक सत्यापन और 13 वरिष्ठ या विशेष योग्यजन के आवेदन ऑनलाइन किए गए।आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग ने पशुहानि और कच्चे मकानों सहित कुल 9 आवेदनों को स्वीकृति दी। पशुपालन विभाग द्वारा 38,012 रोगी पशुओं की चिकित्सा, 21,420 का टीकाकरण, 45,142 को कृमिनाशक दवा, 40,052 पर दवा छिड़काव किया गया और मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की 5,577 पॉलिसियां वितरित कर 12,649 पशुपालकों को लाभान्वित किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य योजनाओं के तहत प्रसव पूर्व जांच, कैंसर और सिकलसेल रोग की स्क्रीनिंग की, 6,456 बच्चों का टीकाकरण किया तथा टीबी मुक्त भारत अभियान में 7,027 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग, 203 निक्षय मित्र और 451 पोषण किट वितरित की गईं। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 692 पंजीकरण, पोषण ट्रैकर पर 1,390 स्त्रक्र और ई-केवाईसी, तथा 12,212 व्यक्तियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। ऊर्जा विभाग ने विद्युत आपूर्ति, मीटर, ट्रांसफार्मर, बिल, लोड और तारों से जुड़े कुल 3,734 प्रकरणों का निस्तारण किया। पंचायती राज विभाग ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत 272 स्वामित्व कार्ड जारी किए, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 311 शौचालय निर्माण, 12 सामुदायिक शौचालय, 56 क्रियाशील शौचालय और 239 सोक,मैजिक,लीच पिट स्वीकृत किए। मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना में 432 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार शहरी सेवा शिविरों में नगर विकास न्यास विभाग द्वारा शिविरों में 91 पट्टा विलेख, 27 नामांतरण, 4 भवन निर्माण स्वीकृति और 1 उपविभाजन, पुनर्गठन प्रकरण का निस्तारण कर 56.81 लाख रुपये की आय अर्जित की गई। नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग द्वारा 479 पट्टों एवं भवन निर्माण संबंधित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। नगर परिषद द्वारा सीवर मरम्मत के 3,702, सड़क मरम्मत के 1,172, नाला, नाली के 1,372, सीवर लाइन के 312 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, जबकि 860 सार्वजनिक स्थलों की मरम्मत, पेंटिंग और 26 स्कूल, आंगनबाड़ी, सार्वजनिक भवनों के मरम्मत के कार्य पूरे किए गए। इन सेवा शिविरों ने प्रदेश की ग्रामीण जनता के लिए राहत का पर्याय बनकर एक ऐतिहासिक उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास और विकास की एक सशक्त कड़ी स्थापित हुई है।

## बरेली में महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव: भव्य शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली)** बरेली महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव मंगलवार को शहर में पूरे धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा प्रबंधन समिति की ओर से सिटी सब्जी मंडी स्थित प्राचीन वाल्मीकि मंदिर स्थल से भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा को अध्यक्ष अंशु आर्य व स्वागत अध्यक्ष योगेश कुमार बंटी के साथ मुख्य अतिथि विधायक संजीव अग्रवाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर महापौर उमेश गौतम की विशेष उपस्थिति रही। शोभायात्रा बिहारीपुर, किशोर बाजार, कोतवाली मार्ग, श्यामगंज होते हुए ब्रह्मपुरा वाल्मीकि सद्भावना मेला स्थल पहुंची, जहां मेला अध्यक्ष मनोज थपलियाल ने यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद विभिन्न मार्गो से होते हुए यात्रा वापस वाल्मीकि मंदिर पर संपन्न हुई।

आकर्षण का केंद्र रहीं झाँकियाँ- शोभायात्रा में चंदौसी का मशहूर माता काली अखाड़ा, मुरादाबाद, बदायूं, और दिल्ली से आई विशिष्ट झांकियां आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। इसके अलावा, भारत की शक्ति का प्रदर्शन करती सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक, और ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित झाँकियों ने भी भक्तों का मन मोह लिया। यात्रा के साथ चल रहे दो दर्जन से अधिक डीजे की धुन पर बच्चे, युवा, महिलाएं और पुरुष भक्तिगीतों पर झूमते नजर आए। बरेली कॉलेज चौराहा पर डीजे की धुन पर मोबाइल फोन की फ्लैशलाइट जलाकर झूमते श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था, जिसकी ओर राहगीर भी आकर्षित हुए।

# विधायक राजेंद्र के हस्तक्षेप से मंडावर अस्पताल में 24 घंटे मिलेगी जांच सुविधा

**-खत्म होगी निजी व अवैध लैबों की लूट, जनता को मिलेगा राहत का भरोसा**

**रिपोर्टर/मनोज खंडेलवाल**

**मंडावर।** मंडावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किसी भी समय जांच कराना अब संभव हो गया है। महवा विधायक राजेंद्र मीणा के निर्देश पर अस्पताल में 24 घंटे जांच सुविधा शुरू कर दी गई है, जिससे अब मरीजों को निजी लैबों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यह पहल न केवल आमजन को आर्थिक राहत देगी, बल्कि सरकारी अस्पताल की साख और जनता के भरोसे दोनों को मजबूत करेगी।गौरतलब है कि पूर्व में अस्पताल में जांच सुविधा दोपहर 12 बजे तक ही सीमित थी। इसके बाद मरीजों को खून, मूत्र या अन्य सैंपल जांच के लिए मजबूर होकर अस्पताल के बाहर स्थित निजी व अवैध लैबों में जाना पड़ता था, जहाँ उनकी जेब पर भारी बोझ तो पड़ता ही था, साथ ही शिकायतें भी आम थीं कि कुछ अस्पताल के ही जिम्मेदारो की मिलीभगत से अस्पताल के बाहर की लैबों का कारोबार चमक रहा था। इससे सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की छवि लगातार धूमिल होती जा रही थी।अब विधायक राजेंद्र मीणा के हस्तक्षेप और स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता से यह स्थिति पूरी तरह



बदल गई है। नई व्यवस्था के तहत लैब तकनीशियनों की ड्यूटी रोटेशन प्रणाली से तय की गई है ताकि हर समय जांच सेवा सुचारू रूप से मिल सके। इसका सीधा फायदा मरीजों को मिलेगा, जिन्हें अब रात-दिन कभी भी अस्पताल में जांच सुविधा उपलब्ध होगी।ग्रामीणों ने विधायक मीणा की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब जांच के नाम पर बाहर हो रही लूट पर लगाम लगेगी और लोगों को सरकारी अस्पताल में ही भरोसेमंद जाँच व चिकित्सा सुविधा मिलेगी। इससे जांच के लिए लगने वाली लंबी कतारों में भी कमी आएगी और समय पर रिपोर्ट मिलने से इलाज में भी तेजी आएगी।स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि यह निर्णय लंबे समय से चली आ रही शिकायतों और जनता की परेशानी को देखते हुए लिया गया है। इससे न केवल मंडावर, बल्कि आस-पास के ग्रामीण अंचलों के मरीजों को भी राहत मिलेगी और सरकारी अस्पतालों में जनता का विश्वास पुनः स्थापित होगा।जनप्रतिनिधि की सक्रियता से सरकारी व्यवस्था में सुधार का जीता-जागता उदाहरण। राजस्थान में अक्सर सरकारी अस्पतालों में सीमित जांच समय और स्टाफ की कमी को लेकर शिकायतें होती रही हैं। ऐसे में मंडावर अस्पताल में शुरू हुई यह 24 घंटे जांच सेवा एक मिसाल बन गई है कि यदि जनप्रतिनिधि इच्छाशक्ति से काम लें तो व्यवस्था में बदलाव संभव है। विधायक राजेंद्र मीणा की यह पहल ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है, जिसने जनता को यह विश्वास दिलाया है कि अब सरकारी अस्पताल भी निजी महंगे अस्पतालो के बराबर सुविधा दे सकते हैं।

# एसपी के हस्तक्षेप के बाद दर्ज हुई रिपोर्ट, पीडिता ने महिला आयोग में भी की शिकायत

**दी डेसिंप्रग**

**रिपोर्टर/मनोज खंडेलवाल**

मंडावर थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहाँ थाना पुलिस की लापरवाही से परेशान एक महिला को आखिरकार न्याय की गुहार लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचना पड़ा। जानकारी के अनुसार मंडावर थाना इलाके की पीडीत महिला के बताये अनुसार 27 सितम्बर 2025 को घर से कुछ दूरी पर चल रहे जलदाय विभाग की नई पाइपलाइन डालने के कार्य के दौरान उसके छोटे पुत्र को ढूंढने गए उसके बड़े पुत्र के साथ अनिल पुत्र राधे बलाई व सुरेश पुत्र नत्थू बलाई ने बिना किसी कारण के अभद्र और अश्लील गालियां दीं। उसके पुत्र ने घर आकर बताया तो पीडीता इसका विरोध करने जा रही थी तो उक्त दोनों के साथ राधे पुत्र मंगतू बलाई, भानू बलाई, ओमी बलाई, बिजेंद्र पुत्र राधे बलाई, सुरेश पुत्र फूल बलाई और संतोष पुत्र अमरदास बलाई सहित अन्य लोग हाथों में लाठी-डंडे लेकर उसके घर के बाहर आ धमके और पीडीता के साथ गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। इस दौरान राधे बलाई ने पीडीता की लूगडी खींचकर फेंक दी, बाल पकड़कर नीचे पटक दिया तथा अन्य आरोपियों ने मिलकर लात-घूंसों व लाठियों से बेरहमी से पिटाई की।

भानू बलाई द्वारा सिर पर किए गए वार से पीडीता गंभीर रूप से घायल हो गई।शोर सुनकर ग्रामीणों के आने की आहट से आरोपी मौके से भाग गए, लेकिन जाते-जाते उन्होंने जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद पीडीता अपने दोनों पुत्रों के साथ थाना मंडावर पहुँची, जहाँ पुलिस ने पीडीता को सरकारी अस्पताल ले जाकर उसका प्राथमिक उपचार कराया, पर एफआईआर दर्ज नहीं की। पीडीत महिला ने अपने जेठ को बुलाकर उससे रिपोर्ट लिखवाकर पुलिस को सौंपी, लेकिन उस दौरान न तो रिपोर्ट दर्ज की गई, न ही उसे एफआईआर की कॉपी दी गई।पीडीता ने बताया कि अगले दिन पुनः वे ही आरोपी हथियार लेकर पीडीता के घर के पास खड़े होकर जान से मारने की धमकीयाँ देने लगे। पीड़िता ने एक बार फिर थाना पहुँचकर गुहार लगाई, लेकिन पुलिस ने केवल सांत्वना देकर लौटा दिया। अंततः पीडीता ने पुलिस अधीक्षक दौसा के समक्ष पूरी घटना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। एसपी के हस्तक्षेप के बाद ही थाना मंडावर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। पीडीता ने बताया कि उसके पति मजदूरी के सिलसिले में बाहर रहते हैं, घर पर केवल वह और उसके दो पुत्र हैं, और अब भी आरोपियों से जान का खतरा बना हुआ है। पीड़िता ने कहा कि उसने इस प्रकरण की शिकायत राजस्थान राज्य महिला आयोग में भी दी है ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके और उसे न्याय मिल सके।

इनका कहना है उक्त प्रकरण प्रारंभिक रूप से मेरे संज्ञान में नहीं था। अब पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर महिला की रिपोर्ट विधिवत दर्ज कर ली गई है। तथा मामले से जुडे सभी बिंदुओं पर आवश्यक जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**सत्यनारायण**
**बसवाल,मंडावर थानाधिकारी**

### पुलिस थाना निवाई को मिली बड़ी सफलता

## दादू विहार कॉलोनी से भरत मीणा का अपहरण कर ले जाने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार व मोटरसाइकिल जप्त



**निवाई/अशोक लांगडी,** दादू विहार कॉलोनी से भरत मीणा का अपहरण कर ले जाने वाले चार अभियुक्त को निवाई पुलिस ने गिरफ्तार किया। दिनांक 30 सितंबर को परिवादी सूरजमल मीणा पुत्र हनुमान मीणा निवासी दौलतपुरा हाल निवास दादू दयाल कॉलोनी निवाई ने थाना निवाई पर उपस्थित होकर रिपोर्ट पेश कर बताया कि चार-पांच बदमाश दोपहर 10-00 बजे दादू दयाल कॉलोनी से मेरे भाई का लड़का भरत मीणा के साथ मारपीट कर उसकी महिंद्रा कंपनी की थार गाड़ी में उसका अपहरण करके ले गए।इत्यादि रिपोर्ट थाना हाजा प्राप्त होते ही प्रकरण दर्ज कर बृजेंद्र सिंह भाटी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक के निर्देशन में मृत्युंजय मिश्रा पुलिस अधीक्षक वृत निवाई के सुपरविजन में थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा निवाई के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आरोपीगण ने भरत मीणा को धौलपुर एवं करौली जिले की सीमा को छोड़कर प्रहार हो गए को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।वांछित आरोपीगण भगवान दास पुत्र छोटन लाल जाति मीणा निवासी सनकाई जिला धौलपुर, रामविलास पुत्र छुट्टन लाल मीणा निवासी सनकाई जिला धौलपुर, सुनील पुत्र संतराम मीणा मंडाशील जिला धौलपुर, किशनलाल पुत्र संतराम निवासी मंडाशील जिला धौलपुर को डिटेल कर थाना निवाई पर विस्तृत अनुसंधान कर अपराध प्रमाण पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जप्त किया गया।

यूडीएच मंत्री दांतारामगढ़ दौरे पर आएं

# बाबोसा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए, सुनी जनसमस्याएं

द डेसिंप्रग

**खाचरियावास।** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा बुधवार को दांतारामगढ़ दौरे पर रहे। गौरतलब है कि यूडीएच मंत्री खर्रा दांतारामगढ़ के महर्षि परशुराम पीजी कॉलेज में कबड्डी महिला प्रतियोगिता कार्यक्रम में शिकरत करने आएं थे। इस दौरान मंत्री खर्रा ने खाचरियावास में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत स्मारक पर पहुंचकर बाबोसा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहीं समाजसेवी हसन खान मंत्री खर्रा को खाचरियावास में निजी बसें नहीं आने के संबंध में ज्ञापन सौंपकर उचित कार्यवाही की मांग की। इसके साथ ही वार्ड नम्बर 3 में कृषि भी भूमि की आड़ में आबादी भूमि का अतिक्रमण हटवाने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया।



इस अवसर पर दांतारामगढ़ प्रधान प्रतिनिधि प्रभुसिंह गोगावास, राम सिंह, गोविन्द सिंह लाम्बा, मण्डल अध्यक्ष सुशील शर्मा, नवदीप जाटोलिया, तहसीलदार महिपाल राजावत, चिकित्सा प्रभारी सुनील धायल सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रसिद्ध भजन गायिका मैथिली ठाकुर देंगी सुमधुर प्रस्तुतियां



सुजानगढ़। सुजानगढ़ में भक्ति और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा, जब सुप्रसिद्ध भजन गायिका मैथिली ठाकुर अपनी सुमधुर वाणी से भजनों की रसधारा बहाएंगी। यह भव्य भजन संध्या 23 अक्टूबर को कुबेर गार्डन में आयोजित की जाएगी।कार्यक्रम का आयोजन सुजानगढ़ नागरिक परिषद, कोलकाता द्वारा उनके हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। आयोजन के प्रचार प्रसार समिति संयोजक कमल तापड़िया ने बताया कि यह कार्यक्रम महिला जागृति समिति व भूतोड़िया परिवार के सहयोग से संपन्न होगा।भजन संध्या में मैथिली ठाकुर के भजनों की रसगंगा बहने की उम्मीद है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संगीत प्रेमी शामिल होकर इस आध्यात्मिक आयोजन का आनंद लेंगे।

# विशाल एग्जीबिशन का समापन हुआ

द डेसिंप्रग

सीकर । नरेश सैन ,शहर के मैना सदन में आयोजित विशाल एग्जीबिशन का समापन समारोह आयोजित किया गया।स्वर्णकार महिला मण्डल की अध्यक्ष मधु सोनी व महेश्वरी महिला मण्डल की डायरेक्टर सुमन बजाज ने बताया की 6 अक्टूबर को मैना सदन में विशाल Exhibition का भव्य शुभारम्भ हुआ। जिसका समापन बुधवार को हुआ। सर्व समाज की महिलाओ के द्वारा किया गया, जिसमे महिलाओ को घर बैठे रोजगार, व हुनर दिखाने का मौका मिलता हैं. श्व×ड्डद्बह्वद्बश्ठ्ठ में, करवा चौथ, दिवाली व शादी के सीजन से सम्बंधित साड़ी, सूट,वेस्टर्न ड्रेस, इमिटेशन ज्वेलरी, क्रोकरी, दिवाली डेकोरेशन सामान, बंदरवाल, ड्राई फ्रूट, लड्डू गोपाल का सामान,बेड शीट, ब्लैंकेट,अमृतम की शुद्ध मिठाई,पापड़, मुंगरी, ड्राई फ्रूट पैकिंग बॉक्स, Westren wear, वूलेन आइटम, हैंड made हेल्थ केयर ग्रीन टी, हर्बल आइटम, हैंड द्बड्डस्र्द्द पेंटिंग, पंजाबी जुतिया, फैंसी पर्स, आर्ट क्राफ्ट, बच्चो से सम्बंधित स्टेशनरी आइटम व काफ़ी अन्य तरह की वैरायटी की जमकर बिक्री हुई।

एग्जीबिशन से जुड़ी मधु सोनी ने कहा कि इसमें महिलाओं ने पर चढ़कर खरीदारी की और इस तरह के एग्जीबिशन शहर में होनी चाहिए।

सुमन बजाज ने कहा कि एग्जीबिशन में हिस्सा लेने वाली महिलाओं ने भी कहा कि इसमें अच्छी खरीदारी हुई और



महिलाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया स्टाल संचालक मंजू लोहिया ने कहा कि एजुकेशन में महिलाओं ने अच्छे खरीदारी की और आइटमों को सराहा। एडवोकेट अनीता सोनी ने कहा कि महिलाओं ने एग्जीबिशन में बजट का हिस्सा लिया और जमकर खरीदारी की।

## संक्षिप्त समाचार


### कुमावत का पशु चिकित्सा एव पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के प्रबंध मंडल में मनोनयन



सीकर । नरेश सैन

राज्य सरकार के पशुपालन एवं मत्स्य विभाग ने सीकर की सामाजिक कार्यकर्ता मधु कुमावत को राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के प्रबंध मंडल में सदस्य मनोनीत किया है राज्य सरकार द्वारा गठित प्रबंध कमेटी में मनोनयन किए गए सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष का रहेगा श्रीमती कुमावत के इस मनोनयन पर उनके शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की हैं राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल में सीकर से मधु कुमावत के अलावा बीकानेर से जगमाल सिंह रायका पाली से करण सिंह राजपुरोहित तथा खाजूवाला से विधायक विश्वनाथ मेघवाल का मनोनयन किया गया है

### माधव विश्वविद्यालय के 7वां दीक्षांत समारोह व एलुमनाई मीट 2025 का होगा आयोजन



दी डेसिंप्रग

**आबूरोड,** माधव विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह व एलुमनाई मीट 2025 का कार्यक्रम गुरुवार को भव्य रूप से आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के चेयरमैन प्रो. डॉ. राजकुमार मौजूद रहेंगे। समारोह को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं और इसमें छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस दीक्षांत समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर और शोधार्थियों को कुल 1673 डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। साथ ही विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और विशेष सम्मान भी दिया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान और समाज व राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरणा का माध्यम बनेगा।
समारोह में मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रो. डॉ. राजकुमार विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, नवाचार और तकनीकी विकास के महत्व पर मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट, रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, संकाय अधिष्ठाता, सदस्य, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहेंगे। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन हिम्मत सिंह देवल ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के सपनों और परिश्रम की पहचान है। प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर ने इसे विद्यार्थियों के जीवन का नया पड़ाव बताया और विश्वास जताया कि वे अपने ज्ञान व कौशल से समाज में योगदान देंगे। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने कहा कि यह डिग्री केवल कागज़ नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और समाज के प्रति दायित्व का प्रतीक है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश महावर ने कहा कि यह समारोह विद्यार्थियों की मेहनत का उत्सव है और असली शिक्षा निरंतर सीखने व आत्म विकास में है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. देवेंद्र मुजाल्दा ने बताया की एलुमनाई मीट का उद्देश्य पुराने रिश्तो को मजबूत करना और वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरणा देना है हमें उम्मीद है कि पूर्व छात्र आने वाले समय में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यकर्मो में भी अपनी सक्रिय भागीदारी देंगे।

### किरण स्कूल गोविंदपुरा ने वूशु प्रतियोगिता में जीते 5 पदक



कालवाड़ रोड़ गोविंदपुरा स्थित किरण बाल भारती सी सै स्कूल के खिलाड़ी बने वूशु में चैम्पियन। संस्था प्रबंध निदेशक डॉ कर्मवीर सिंह बेनीवाल ने बताया कि किरण वूशु एकेडमी के खिलाड़ियों ने 69 वीं राज्य स्तरीय वूशु खेलकूद प्रतियोगिता में 17 व 19 वर्ष में 5 पदक जीते जिसमें किरण स्कूल वूशु एकेडमी के खिलाड़ियों को 2 गोल्ड ,2 रजत,1 कांस्य पदक मिले । जिसमें कार्तिक यादव, नितेश चौधरी, ने स्वर्ण पदक जीता। समीक्षा चौधरी, सौम्या चौधरी को रजत पदक मिला। तथा सुमित शर्मा ने कांस्य पदक जीता। वूशु में चैम्पियन रहने पर सभी खिलाड़ियों, कोच हीरालाल टोज़वत, जगदीश बाना का विद्यालय में साफा पहनाकर स्वागत किया गया। संस्था चेयरमैन रामसिंह बेनीवाल, प्रधानाचार्य डॉ सरिता बेनीवाल ने सभी खिलाड़ियों व कोच को बधाई दी।

यूडीएच मंत्री खर्रा ने कबड्डी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

# महर्षि परशुराम महाविद्यालय दांता में आयोजित हो रही महिला कबड्डी प्रतियोगिता

**दांतारामगढ़।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता महर्षि परशुराम महाविद्यालय दांता में आयोजित की जा रही है। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, खंडेला विधायक सुभाष मील, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, राजेंद्र सिंह खाचरियावास सहित अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच केम्ब्रीज पीजी गर्ल्स कॉलेज कांवट ओर ग्रामीण पीजी कॉलेज सीकर के मध्य खेला गया जिसमें ग्रामीण पीजी कॉलेज सीकर 07 पोइंट से विजेता रही। कबड्डी महिला प्रतियोगिता में शेखावाटी विश्वविद्यालय के अंतर्गत कुल 17 सरकारी व गैर सरकारी कॉलेजों की छात्रा खिलाड़ियों की टीमें भाग ले रही है।

कॉलेज के निदेशक सुरेश शर्मा व अन्य स्टाफ द्वारा मंत्री खर्रा व धोद और खंडेला विधायक सहित अतिथियों का माला व साफ पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूडीएच मंत्री



झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले और बिना किसी मतभेद के साथ प्रतियोगिता के परिणाम को स्वीकार करें। उन्होंने कहा कि हार और जीत दो पहलू हैं। खेल में जीत जोश और उमंग देती है तो हार से भी हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है और अगली बार उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए चेतना मिलती है इसलिए खेल में हारने पर निराश नहीं होना चाहिए बल्कि दोबारा दुगुने जोश और उत्साह के साथ तैयारी करनी चाहिए जिससे सफलता जरूर मिलेगी।

खंडेला विधायक सुभाष मील ने भी खिलाड़ी छात्राओं की हौसला अफजाई की और खेल को खेल की भावना से खेलने की सीख दी।

इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि प्रभु सिंह शेखावत, एसडीएम मोनिका सामौर, तहसीलदार महिपाल सिंह राजावत, पुलिस उपाधीक्षक कैलाश कंवर राठौड़, बसंत कुमावत, कैलाश चंद कुमावत, रतन लाल यादव, गिरधारी यादव, राजेंद्र धीरजपुरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार ने संपूर्ण राजस्थान में हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान आवंटित किए हैं। जिन ग्राम पंचायतों में अब तक खेल मैदान नहीं बने हैं, वह किसी लापरवाही का परिणाम नहीं बल्कि प्रक्रिया में हैं। सरकार शीघ्र ही ऐसे ग्रामों में भी खेल मैदान बनाने के लिए अग्रसर है। शहरी सेवाओं से जुड़ी समस्याओं पर मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही गाइडलाइन पुस्तिका जारी की थी। यदि कोई अधिकारी गाइडलाइन का हवाला देकर कार्यों में बाधा डालता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस बार आयोजित शहरी सेवा शिविरों का उद्देश्य कमजोर आर्थिक वर्ग के वास्तविक पात्र लोगों को लाभ पहुंचाना है, न कि धनाढ्यों को फायदा देना।नगरपालिकाओं में रिक्त चल रहे अधिशासी अधिकारी पदों को लेकर मंत्री ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग से प्राप्त 111 अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो 20 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद प्रत्येक नगरपालिका में नियमित अधिकारी पदस्थापित कर दिए जाएंगे। हाल ही में हुए एसएमएस हादसे पर मंत्री ने कहा कि जांच कमेटी गठित कर दी गई है। जिन कर्मियों की लापरवाही से हादसा हुआ, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने जर्जर भवनों के नवीनीकरण का निर्णय लिया है और जो भवन अत्यधिक खराब स्थिति में हैं, उन्हें अन्यत्र स्थानांतरित करने की स्वीकृति दी गई है। अब प्रत्येक वर्ष सरकारी भवनों की सुरक्षा जांच करवाई जाएगी। साथ ही सरकारी व निजी अस्पतालों में फायर सेफ्टी जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी।

इस दौरान राजेन्द्र सिंह खाचरियावास, प्रधान प्रतिनिधि प्रभु सिंह शेखावत, गोविंद सिंह लांबा, पूर्व वन विभाग रेंजर भीमाराम बोचलिया, राम सिंह उमड़ा, बसंत कुमावत, रवि शर्मा (पुजारी) कैलाश चंद कुमावत, सरपंच रतन लाल यादव, गिरधारी यादव, राजेंद्र धीरजपुरा, मंगल राम बुरड़क, खाचरियावास सरपंच राम लाल,सहित दांतारामगढ़ एसडीएम मोनिका सामौर, पुलिस उपाधीक्षक कैलाश कंवर राठौड़, तहसीलदार महिपाल सिंह राजावत,अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## टैरो कार्ड रीडर ऋतु सुखनानी, वास्तु विशेषज्ञ जितेंद्र सुखनानी को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2025 से सम्मानित



**पप्पू लाल शर्मा, सीकर,** जैसलमेर में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन सीता ज्योतिष एवं श्री कृष्णा शोध केन्द्र संयुक्त तत्वाधान में ज्योतिष महाकुंभ आयोजन किया गया। जिसमें टैरो कार्ड रीडर ऋतु सुखनानी, वास्तु विशेषज्ञ जितेंद्र सुखनानी को जैसलमेर में आयोजित ज्योतिष महाकुंभ में ज्योतिष लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2025 से सम्मानित से सम्मानित किया गया। यह सम्मेलन सीता ज्योतिष एवं श्री कृष्णा शोध केन्द्र संयुक्त के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें देश भर के लगभग सैकड़ो ज्योतिष विद्वानों एवं ज्योतिष आचार्य ने भाग लिया। इस अवसर पर डा. मोनिका आर करल, डॉ भेरू प्रकाश दाधीच जोधपुर ने संयुक्त रूप से मंच संचालन किया गया अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पंडित एस.के. जोशी प्रश्न शास्त्री जोधपुर ,केरल से आए विद्वानों ने मंडेन एस्ट्रोलॉजी, आचार्य मौलेश भाई पटेल, इंदु गुप्ता दिल्ली गौरव वत्स हरियाणा शिक्षाविद् गार्गी जेटली, ओमकुमारी, आचार्य रितेश व्यास, आचार्य ओमप्रकाश शर्मा, आचार्य सोमेश जोशी, महाकाल मन्दिर से आचार्य अजय व्यास उज्जैन,आचार्य मुकेश शर्मा कडवड , आचार्य दिवाकरण, सीमा जी दिल्ली, आचार्य अरविन्द तिवाडी, अनेक विद्वान उपस्थित रहे।

# माधव विश्वविद्यालय की 35 वीं बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट बैठक सम्पन्न: दीक्षांत समारोह और नई नियुक्तियों पर चर्चा



दी डेसिंप्रग

**आबूरोड।** स्थानीय माधव विश्वविद्यालय की बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट की 35 वीं बैठक मंगलवार दिनांक 07.10.2025 को सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन माननीय श्री हिम्मत सिंह देवल, सेवानिवृत ए.एस.पी. राजस्थान ने की। इस बैठक में प्रेसिडेंट प्रो. राजीव माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ,प्रॉक्टर आदेशपाल सिंह , रिसर्च डायरेक्टर डॉ. पवन कुमार, फार्मास्यूटिकल साइंस अधिष्ठाता डॉ. सुशील भार्गव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश महावर तथा चार्टर्ड एकाउंटेंट अजीत पुरोहित एवं सदस्य सचिव उपस्थित रहे। सदस्य सचिव ने एक एक करके सभी मुद्दों को बोर्ड के सम्मुख रखा जिन पर गहन चर्चा हुई तथा कुछ सदस्यों के मौखिक सुझावों सहित सभी एजेंडा आइटम्स को ध्वनिमत से पास किया जिनमें मुख्य मुद्दे निम्न प्रकार से है बोर्ड की पूर्व मीटिंग जो कि 27.09. 2024 को हुई, प्रॉक्टर की नियुक्ति, एकेडमिक काउंसिल की 06.10.2025 को सम्पन्न हुई मीटिंग के निर्णय विश्वविद्यालय में 09.10.2025 को होने वाले दीक्षांत समारोह में जो डिग्रियां प्रदान की जायेगी (परीक्षा नियन्त्रक द्वारा पूरी जानकारी प्रस्तुत), वित्तीय समिति की मीटिंग के निर्णय जो 04.08.2025 को सम्पन्न हुई, विश्वविद्यालय में की गई भर्तियों, दीक्षांत समारोह तथा विश्वविद्यालय में योग्य शिक्षक, निदेशक अनुसंधान एवं विकास द्वारा अनुमोदित शोध मार्गदर्शिका के लिए सूची प्रस्तुत के रूप में मान्यता देना इत्यादि सभी मुद्दों को सहमति दे दी गई।

बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सभी सदस्यों ने हिम्मत सिंह देवल के नेतृत्व की सराहना की और विश्वविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। देवल ने बैठक के समापन पर सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया और विश्वविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

# धौलपुर जिले की विधानसभा क्षेत्र में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान सफलतापूर्वक संपन्न: लीना शर्मा

दी डेसिंप्रग

**धौलपुर विजय श्रीवास्तव**

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सारिका सिंह जी एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री साकेत बिहारी जी के निर्देशानुसार, 'वोट चोर,गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत धौलपुर जिले में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कोटा शहर प्रभारी, साथ ही वोट चोर गद्दी छोड़ धौलपुर विधानसभा प्रभारी लीना शर्मा ने किया। उनके नेतृत्व में जिलेभर की सैकड़ों महिलाओं ने हस्ताक्षर कर अभियान को समर्थन दिया और आमजन को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। अभियान के अंतर्गत धौलपुर शहर



कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष श्री बनवारी लाल जाटव जी द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस बैठक में लीना शर्मा ने प्रभारी के रूप में उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर हस्ताक्षर अभियान को गति दी और अनेक महिलाओं से हस्ताक्षर करवाए। बैठक में विशेष रूप से ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष शिब्बू लोधा जी, सेवादल कोषाध्यक्ष श्री लोकेंद्र कंडेरा जी, सेवादल महासचिव श्रीमती कुसुम जी, सुमन जी, शहर ब्लॉक सचिव विक्की जी, तथा सेवादल सोशल मीडिया प्रभारी दीपक सक्सेना जी, कमलेश लीलावती नथिया विमला ममता सपना गुड़िया मुन्नी राजकुमारी किरण देवी गंगा देवी भवरन लाल लोकेंद्र शैलेंद्र यादवेंद्र मुरारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लीना शर्मा ने कहा कि ÷महिला कांग्रेस का उद्देश्य महिलाओं को लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत – वोट – के प्रति जागरूक कर, समाज में राजनीतिक सहभागिता को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सहयोगी संगठनों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# महात्मा गांधी पीजी कॉलेज में वन्य जीव सप्ताह का समापन समारोह मनाया गया




**संजय कुमार, गोरखपुर** -वन्य जीव सप्ताह के अंतर्गत स्नातकोत्तर प्राणि विज्ञान विभाग के जूलॉजिकल सोसायटी द्वारा एक क्विज कंपटीशन एवं पोस्टर प्रतियोगिता डॉ शशांक श्रीवास्तव एवं डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में एमएससी प्राणि विज्ञान प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं के बीच संपन्न कराया गया। जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ अमित कुमार राय, डॉ अजय कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ आर एन यादव ने निभाई। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ फणीन्द्र तिवारी ने रखी ।कार्यक्रम का संचालन डॉ शशांक श्रीवास्तव ने किया। अंत में विभाग की प्रभारी डॉ संगीता त्रिपाठी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में प्रयोगशाला सहायक शिवम आनंद एवं सभी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

संपादकीय

## ज्यादातर शर्तें इजराइल के पक्ष में है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बीस सूत्री शांति योजना की कुछ शर्तों पर हमास की ओर से सहमति जताना वास्तव में महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम है। इसे गाजा में शांति कायम होने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि इजराइल पहले ही इस योजना पर आगे बढ़ने को लेकर अपनी इच्छा जता चुका है। अब इजराइली सेना ने कहा है कि वह इस योजना के पहले चरण के लिए तैयारियां तेज करेगी। मगर, इजराइल की ओर से शनिवार को गाजा पर फिर हमला किए जाने की खबरों ने शांति के इन प्रयासों की राह में विरोधाभास पैदा कर दिया है। जब हमास की सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद अमेरिका ने इजराइल को गाजा पर हमले तुरंत रोकने को कहा। हालांकि, यह भी कहा जा रहा है कि इस ताजा हमले के पीछे स्थानीय कारण हो सकते हैं और इसे शांति के मार्ग में बाधा के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। मगर, ऊहापोह की इस स्थिति में इतना तय है कि अगर इजराइल और हमास एक-दूसरे पर फिलहाल हमले बंद करने का सैद्धांतिक तौर पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेते हैं, तो इस योजना पर आगे बढ़ना आसान नहीं होगा। अमेरिकी प्रस्ताव पर हमास ने अपने बयान में कहा है कि वह बंधकों को रिहा करने और सत्ता अन्य फिलिस्तीनियों को सौंपने के लिए तैयार है। हालांकि, इस बयान में हमास के हथियार डालने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है, जो अमेरिकी प्रस्ताव में शामिल इजराइल की एक प्रमुख मांग थी। इसके साथ ही हमास ने प्रस्ताव की अन्य शर्तों पर कहा है कि इन्हें लेकर संगठन के भीतर कुछ विरोधाभास है, जिन पर विस्तृत चर्चा करने की जरूरत है। यानी हमास अभी इस प्रस्ताव पर पूरी तरह सहमत नहीं है। जाहिर है कि वह किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले प्रमुख शर्तों के तात्कालिक एवं दूरगामी प्रभावों और आशंकाओं का आकलन करना चाहता है। अब सवाल यह है कि इजराइल ने बिना देर किए अमेरिकी प्रस्ताव पर तत्काल सहमति कैसे और क्यों जता दी ! इसका जवाब प्रस्ताव की शर्तों में ही छिपा है। माना जा रहा है कि ज्यादातर शर्तें इजराइल के पक्ष में है और जहां उसे संदेह है, वहां कोई बीच का रास्ता निकालने की गुंजाइश बनी रहेगी। इजराइल-हमास युद्ध में मरने वालों की संख्या 67,000 से अधिक हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि गाजा में शांति की इस पहल को एक अवसर के रूप लिया जाना चाहिए और दोनों पक्षों को इस पर बिना किसी संकोच के आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही इस बात पर जोर दिया है कि अगर इजराइल ने गाजा में बमबारी तुरंत नहीं रोकी, तो शांति की कोशिशें पटरी से उतर सकती हैं। ऐसे में जानकारों का कहना है कि इस तरह के हमले जारी रहने से शांति योजना को जमीन पर उतारना आसान नहीं होगा। इसलिए जरूरी है कि दोनों पक्षों की ओर से धैर्य और संयम बरता जाए। इजराइल और हमास के बीच करीब दो वर्षों से जारी युद्ध में मरने वालों की संख्या 67,000 से अधिक हो गई है, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। इसलिए जरूरी है कि मानवीय संवेदनाओं को केंद्र में रखकर इस युद्ध को समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाए जाएं।

**1 जुलाई, 2017 को भारत में दशकों का सबसे साहसिक आर्थिक सुधार हुआ। मानसून की उस एक सुबह, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ने 17 अलग-अलग करों और 13 उपकरों को एक एकीकृत ढांचे के साथ बदल दिया, जिससे मूल रूप से देश की राजकोषीय संरचना को नया आकार मिला। यह केवल एक कर सुधार नहीं था, यह एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार की ओर भारत की साहसिक यात्रा की शुरुआत थी। आठ साल बाद अब यह परिवर्तन किसी असाधारण घटना से कम नहीं लगता है। कर संग्रह 2017-2018 के 7.19 लाख करोड़ रुपये से तीन गुना बढ़कर 2024-2025 में 22.08 लाख करोड़ रुपये की रिकॉर्ड वृद्धि के साथ तीन गुना हो गया है।**

# जीएसटी 2.0 - भारत के वस्त्र क्षेत्र के सपनों को वास्तविकता में बदलने परिवर्तन का एक सूत्र

(गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री)

घरों में दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुएं, दवाओं और शिक्षा सामग्री की आपूर्ति पर 0 से 5 प्रतिशत के बीच कर लगने से परिवारों को अधिक बचत होगी, जबकि किसानों को ट्रैक्टरों, टायरों, कीटनाशकों और सिंचाई उपकरणों पर कम जीएसटी लगने से अधिक लाभ प्राप्त होगा जिससे इनपुट लागत में कमी आएगी और ग्रामीण आय में वृद्धि होगी। इसके साथ ही ऑटो सेक्टर को भी इससे बड़ी राहत मिली है क्योंकि स्कूटर और कारों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। अब 2,500 रुपये तक की कीमत वाले (पहले 1,000 रुपये) रेडीमेड कपड़ों पर भी केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। मैंने एक कॉलेज छात्र से बातचीत की और जब उससे कपड़ों के बारे में पूछा तो उसने कहा, अब त्योहारों की खरीदारी ने मेरी जेब पर पड़ने वाले बोझ को बहुत कम कर दिया है। अब उसी बजट से मैंने एक की बजाय दो ट्रेंडी शर्ट खरीदीं हैं। मुझे जीएसटी स्लैब के बारे में ज्यादा जानकारी तो नहीं है, लेकिन मुझे पता है कि अब कपड़े खरीदना अधिक सस्ता हो गया है। इसके विपरीत, पान मसाला, तंबाकू, ऑनलाइन गेम्स, लग्जरी एसयूवी और कैसिनो जैसे लग्जरी और डिमेरिट सामान अब 40 प्रतिशत स्लैब के अंतर्गत आते हैं। इस सुधार ने 'फिट इंडिया, हेल्दी इंडिया' के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए उत्तरदायी उपभोग को बढ़ावा दिया है, जो बचत का एक वास्तविक स्वरूप है।

और जैसे इन सुधारों से परिवारों, किसानों और उद्योगों को राहत मिलती है, वैसे ही ये हमारे वस्त्र क्षेत्र को भी नई ताकत देते हैं। जीएसटी 2.0 वस्त्र उद्योग के पूर्ण परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करता है, जो कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार उपलब्ध कराने वाला क्षेत्र है और आत्मनिर्भर भारत का एक जीवंत उदाहरण है। जीएसटी 2.0, 350 बिलियन डॉलर के वस्त्र उद्योग को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

भारत में वस्त्र उद्योग बहुत बड़ा है, जो आजीविका और निर्यात दोनों को प्रभावित करता है। आज, इस उद्योग का आकार 179 बिलियन डॉलर है और यह 4.6 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देता है, जिनमें से अधिकांश महिलाएं हैं। अब सरकार का लक्ष्य 2030 तक इस उद्योग के आकार को लगभग दोगुना करके 350 बिलियन डॉलर करना है, जिससे देश भर के परिवारों के लिए रोजगार और आय के और भी अधिक और नए अवसर पैदा होंगे।

भारत का संगठित घरेलू वस्त्र बाजार लगभग 142 से 145 बिलियन डॉलर का है और जब हम इसमें बड़े पैमाने पर असंगठित क्षेत्र को शामिल करते हैं, तो यह 155 से 160 बिलियन डॉलर के करीब हो जाता है। करों की दर को युक्ति संगत बनाने जैसे अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की शुरुआत के साथ एवं फाइबर-तटस्थ व्यवस्था को अपना कर निर्माता अब बचत का लाभ सीधे खरीददारों को दे सकते हैं। उपभोक्ताओं, विशेषकर मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए, जिनका 2047 तक भारत के लक्षित उपभोक्ता आधार का 60



प्रतिशत बनाने की उम्मीद है उनके लिए ये सुधार सबसे बड़ा लाभ लाएंगे। निम्न आय समूहों के साथ मिलकर, स्थानीय उद्योग को समर्थन देते हुए आवश्यक वस्त्रों के अधिक किफायती बनने से हर साल लगभग 8 से 10 बिलियन डॉलर की बचत होने का अनुमान है। ये सुधार कीमतों को कम करने से कहीं बढ़ कर है और यह सही मायनों में फैशन को और अधिक लोकप्रिय बनाने का प्रतिनिधित्व करता है।

वस्त्र क्षेत्र के लिए जीएसटी 2.0 के सबसे बड़े बदलावों में से एक लंबे समय से चले आ रहे इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर को ठीक करना है, जिसने मानव निर्मित फाइबर क्षेत्र को कमजोर कर दिया था। इससे पहले, मानव निर्मित रेशों पर 18 प्रतिशत, सूत पर 12 प्रतिशत और कपड़ों पर केवल 5 प्रतिशत कर लगाया जाता था। इस संरचना ने कच्चे माल को तैयार उत्पादों की तुलना में महंगा बना दिया, जिससे कार्यशील पूंजी अवरुद्ध हो गई और नया निवेश बाधित हुआ। जीएसटी 2.0 में अब मानव निर्मित क्षेत्र में एक समान 5 प्रतिशत कर है, जो सही अर्थों में फाइबर तटस्थ इकोसिस्टम सृजित कर रहा है। लाखों एमएसएमई के लिए, जो भारत के वस्त्र उद्योग का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा हैं, यह एक बड़ी राहत है। यह मानव निर्मित फाइबर क्षेत्र के लिए वैश्विक केंद्र बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को मजबूत करता है और प्रतिवर्ष उत्पादित 22,000 मिलियन परिधानों को कम इनपुट लागत, बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा और अधिक बाजार मांग के साथ निर्मित करने में सक्षम बनाता है। यह सुधार न केवल कपड़ों को सस्ता बनाएगा और निर्यात को बढ़ावा देगा, बल्कि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के सपने को भी मजबूत करेगा, जो हमारी विरासत और विकास दोनों को आगे बढ़ाएगा। एक उदाहरण से इसे समझते हैं। इससे पहले सूरत में महिलाओं की सिलाई इकाई में मानव निर्मित फाइबर और धागे की लागत इतनी अधिक थी कि उनका लाभ मार्जिन कम हो जाता था और ऑर्डर अक्सर विदेशों में चले जाते थे। अब, जीएसटी 2.0 द्वारा करों को घटाकर एक समान 5 प्रतिशत करने के साथ, उनकी निवेश लागत कम हो गई है, वे अधिक ऑर्डर प्राप्त कर सकते हैं, उचित मजदूरी का भुगतान कर सकते हैं और यहां तक कि अपने व्यवसाय का विस्तार भी कर सकते हैं। इस तरह एक राष्ट्रीय सुधार सीधे आम श्रमिकों और परिवारों के जीवन को प्रभावित करता है। यह लाभ यहीं खत्म नहीं होते। वाणिज्यिक माल वाहनों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत तथा लॉजिस्टिक्स सेवाओं पर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से वस्त्र आपूर्ति श्रृंखला में परिवहन लागत कम हो जाती है। यह सीधे तौर पर पीएम गति शक्ति और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति का सहयोग करता है और साथ ही वैश्विक बाजारों में भारतीय वस्त्र निर्यात को मजबूत बनाता है। जीएसटी 2.0 के सुधार एक साथ मिलकर वस्त्र मूल्य श्रृंखला के हर चरण को सशक्त बनाते हैं जैसे फाइबर बनाने से लेकर तैयार परिधान और विदेशी बाजार भेजने तक। इससे देश भर में विकास और रोजगार का सृजन होता है। जीएसटी 2.0 का आर्थिक प्रभाव आम परिवारों के रोजमर्रा के जीवन में महसूस किया जा रहा है। उद्योग जगत का अनुमान है कि इससे प्रत्यक्ष उपभोग में लगभग 1.98 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि होगी, तथा दरों में कमी के कारण परिवारों को प्रतिवर्ष लगभग 48,000 करोड़ रुपये की बचत होगी। इसे परिप्रेक्ष्य में रखने के लिए, 2014 में यूपीए सरकार के तहत, दैनिक जरूरतों पर प्रति वर्ष 1 लाख रुपये खर्च करने वाले एक परिवार ने लगभग 25,000 रुपये कर का भुगतान किया था। जीएसटी और जीएसटी 2.0 के बाद आज वही परिवार लगभग 5,000 रुपये से 6,000 रुपये का कर भुगतान करता है। यानी हर साल लगभग 20,000 रुपये की बचत होती है और यह पैसा बच्चों की शिक्षा, बेहतर पोषण और परिवार के कल्याण के लिए वापस परिवार के पास जाता है। आयकर छूट के साथ मिलकर सभी भारतीय परिवारों के प्रतिवर्ष लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत का अनुमान है। छोटे शहरों और गांवों में इसका प्रभाव और भी अधिक महत्वपूर्ण है, जहां भारत की लगभग 63 प्रतिशत आबादी रहती है।

बेगूसराय में बाजारों की अपनी हाल के दिनों की यात्रा के दौरान, मैंने जीएसटी सुधारों के सकारात्मक प्रभाव को देखा। खुदरा विक्रेताओं ने कम दरों को ले कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और ग्राहकों में इन सुधारों को ले कर उत्साह साफ झलक रहा था, क्योंकि त्योहारों के इस मौसम में खरीदारी करने के लिए ग्राहक बड़ी संख्या में आ रहे हैं। बाजारों में ग्राहकों की बढ़ती भीड़ से स्पष्ट है कि ये सुधार किस प्रकार एक जीवंत और सकारात्मक आर्थिक वातावरण का निर्माण कर रहे हैं, जो परिवारों और व्यवसायों दोनों के लिए वास्तविक लाभ है। मासिक जीएसटी संग्रह जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1.85 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया था, अब लगातार 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। इन सुधारों से न केवल नागरिकों पर वित्तीय बोझ कम हो रहा है, तथा इन कम दरों पर भी राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी। यह एक दुर्लभ अवसर है, जहां सुधार जन-केंद्रित और वित्तीय रूप से सुदृढ़ हैं, जो परिवारों को मजबूत बनाते हुए भारत के आर्थिक भविष्य को सुरक्षित कर रहे हैं। जीएसटी 2.0 के वस्त्र क्षेत्र के सुधार सिर्फ आर्थिक परिवर्तन से कहीं अधिक हैं, वे समावेशी विकास के बारे में हैं, जिनका सीधा प्रभाव पूरे भारत के 65 लाख बुनकरों और कारीगरों पर पड़ रहा है। इससे न केवल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में मदद मिलती है बल्कि इस क्षेत्र में काम करने वाली लाखों महिलाओं की आजीविका को भी सहारा मिलता है। हथकरघा, हस्तशिल्प और कालीन पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से यह पारंपरिक उत्पाद अब भारतीय और वैश्विक दोनों बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी हो गए हैं। साथ ही, सिलाई मशीनों पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करना भारत के महिला प्रधान वस्त्र क्षेत्र को प्रत्यक्ष प्रोत्साहन दे रहा है। पिछले दशक में ग्रामीण आय और व्यय दोगुना से अधिक हो गया है, जो 2011-12 के 1,430 रुपये प्रति माह से बढ़कर 2023-24 में 4,122 रुपये हो गया है। जीएसटी 2.0 के साथ, इस बढ़ती क्रय शक्ति से सीधे भारतीय निर्मित कपड़ों की मांग तेज होगी, जिससे बुनकरों, दर्जनों और परिधान कामगारों के लिए अधिक कार्य सृजित होंगे और इससे विकास का एक चक्र उत्पन्न होगा जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित होगा। हाल ही में एक कार्यक्रम में, मेरी मुलाकात कई स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) दीदियों से हुई, जिन्होंने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने पहले उन्हें लखपति दीदी बनाकर उन्हें सशक्त बनाया और अब जीएसटी सुधारों के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को अधिक किफायती बनाकर तथा आयकर सुधारों के माध्यम से उनके कर के बोझ को कम किया है। उन्होंने कहा कि इस बार की दिवाली उनके परिवारों के लिए अधिक उपहार और आनंदमय उत्सव के साथ वास्तविक खुशी ले कर आई है। ये सुधार अर्थव्यवस्था को तेज गति दे रहे हैं, आय बढ़ा रहे हैं और कर का बोझ कम कर रहे हैं। ऐसे समय में जब भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ा रहा है तब हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र, हमारी स्वयं सहायता समूह दीदियों के साथ मिलकर वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी आंदोलन की आत्मा के रूप में खड़ा है। हमारे कारीगर और बुनकर केवल इन परंपराओं को संरक्षित ही नहीं कर रहे हैं बल्कि वे आत्मनिर्भर भारत की ओर देश की यात्रा का वास्तविक आधार भी हैं। जैसे-जैसे भारत अमृतकाल में प्रवेश करते हुए 2047 की तरफ आगे बढ़ रहा है, जीएसटी 2.0 केवल कर सुधार के रूप में ही नहीं, बल्कि विकसित भारत के लिए विकास की रणनीति के रूप में भी हमारे सामने खड़ा है। टैक्स स्लैब को सरल बना कर, आम जन के पारिवारिक खर्चों को कम करके, किसानों को सशक्त बनाकर, एमएसएमई को सहायता प्रदान करके और वस्त्र जैसे श्रम-गहन उद्योगों को पुनर्जीवित करने से ले कर यह जीवन की सुगमता और व्यापार करने में आसानी दोनों को मजबूत करता है। फाइबर-न्यूट्रल जीएसटी विशेष रूप से परिवर्तनकारी है, जो मानव निर्मित और प्राकृतिक वस्त्रों में नई वृद्धि को बढ़ावा देगा, इसके साथ ही भारत को वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने, लाखों नए रोजगार सृजित करने और परिधान तथा घरेलू साज-सज्जा के क्षेत्र में एक सच्चे वैश्विक अग्रज के रूप में उभरने में सक्षम बनाएगा।


## आज भी मनुष्यता का दीपक जलाती है वाल्मीकि की वाणी

(योगेश कुमार गोयल)

अश्विन मास की पूर्णिमा के दिन 'रामायण' के रचयिता महर्षि वाल्मीकि के अनुपम संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिवर्ष महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई जाती है और इस वर्ष वाल्मीकि जयंती 7 अक्तूबर को मनाई जा रही है। मान्यता है कि महर्षि वाल्मीकि के सम्मान में उनकी जयंती रामायण काल से ही मनाई जा रही है। इस अवसर पर देशभर में कई प्रकार के सामाजिक तथा धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। सनातन धर्म के प्रमुख ऋषियों में से एक महर्षि वाल्मीकि द्वारा संस्कृत भाषा में लिखी गई रामायण को सबसे प्राचीन माना जाता है और संस्कृत के प्रथम महाकाव्य 'रामायण' की रचना करने के कारण ही उन्हें 'आदिकवि' के नाम से भी जाना जाता है। वाल्मीकि द्वारा लिखी गई मोक्षदायिनी रामायण आज भी समूचे विश्व में वेद तुल्य विख्यात है, जो 21 भाषाओं में उपलब्ध है और सनातन धर्म मानने वालों के लिए पूजनीय है। रामायण ने देश को सांस्कृतिक एकता के सूत्र में बांधने का बहुत महत्वपूर्ण कार्य किया। राष्ट्र की अमूल्य निधि रामायण का एक-एक अक्षर अमरता का सूचक और महापाप का नाशक माना गया है। वाल्मीकि का रामायण महाकाव्य ज्ञान-विज्ञान, भाषा ज्ञान, ललित कला, ज्योतिष शास्त्र, आयुर्वेद, इतिहास और राजनीति का केन्द्रबिन्दु माना जाता है। यह महाकाव्य श्रीराम के जीवन के माध्यम से जीवन के सत्य और कर्तव्य से परिचित कराता है। रामायण में जिस प्रकार महर्षि वाल्मीकि ने कई स्थानों पर सूर्य, चंद्रमा तथा नक्षत्रों की सटीक गणना की है, उससे स्पष्ट है कि वे ऐसे परम ज्ञानी थे, जिन्हें ज्योतिष विद्या तथा खगोल शास्त्र का भी बहुत गहन ज्ञान था। रामायण को वैदिक जगत का सर्वप्रथम काव्य माना जाता है, जिसमें कुल चौबीस हजार श्लोक है। माना जाता है कि महर्षि वाल्मीकि ने ही इस दुनिया में पहले श्लोक की रचना की थी, जो संस्कृत भाषा का जन्मदाता है। विभिन्न पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि महर्षि वाल्मीकि बनने से पहले उनका नाम रत्नाकर था, जो अपने परिवार का पेट पालने के लिए लोगों को लूटा करते थे। निर्जन वन में एक बार उनकी भेंट नारद मुनि से हुई तो नारद को बंदी बनाकर रत्नाकर ने उन्हें भी लूटने का प्रयास किया। तब नारद जी ने पूछा कि तुम ऐसा निंदनीय कार्य आखिर करते क्यों हो? रत्नाकर ने उत्तर दिया, अपने परिवार का पेट भरने के लिए। तब नारद मुनि जी ने उनसे पूछा कि जिस परिवार के लिए तुम इतने पाप कर्म करते हो, क्या वह तुम्हारे इस पाप कार्य में भागीदार बनने के लिए तैयार होंगे? इसका उत्तर जानने के लिए रत्नाकर नारद मुनि को पेड़ से बांधकर घर पहुंचे और एक-एक कर परिवार के सभी सदस्यों से पूछा कि मैं डाकू बनकर लोगों को लूटने का जो पाप करता हूं, क्या तुम उस पाप में मेरे साथ हो? परिवार के सभी सदस्यों ने कहा कि आप इस परिवार के पालक हैं, इसलिए परिवार का पेट भरना तो आपका कर्तव्य है, इस पाप में हमारा कोई हिस्सा नही है। सभी का एक ही उत्तर सुनकर रत्नाकर बहुत उदास हुए और नारद मुनि के पास पहुंचकर उनके पैरों में गिर पड़े। तब नारद मुनि ने रत्नाकर को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का ज्ञान दिया। रत्नाकर ने उनसे अपने पापों का प्रायश्चित करने का उपाय पूछा तो नारद मुनि ने उन्हें 'राम' नाम जपने की सलाह दी लेकिन रत्नाकर ने कहा कि मुनिवर ! मैंने जीवन में इतने पाप किए हैं कि मेरे मुख से राम नाम का जाप नहीं हो पा रहा है। नारद मुनि ने उन्हें 'मरा-मरा' का जाप करने को कहा और इस प्रकार 'मरा-मरा' का जाप करते-करते रत्नाकर के मुख से अपने आप 'राम' नाम का जाप होने लगा। राम नाम में वह इस कदर लीन हो गए कि एक तपस्वी के रूप में ध्यानमग्न होकर वर्षों तक घोर तपस्या करने के कारण उनके शरीर पर चीटियों की बांबी लग गई। ऐसी कठोर तपस्या के बाद उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे रत्नाकर से महर्षि वाल्मीकि बन गए। पौराणिक आख्यानों में यह उल्लेख भी मिलता है कि जब भगवान श्रीराम ने माता सीता का त्याग कर दिया था, तब माता सीता ने महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में ही वनदेवी के नाम से निवास किया था और वहीं लव-कुश को जन्म दिया था, जिन्हें महर्षि वाल्मिकी द्वारा ज्ञान दिया गया। पहली बार सम्पूर्ण रामकथा लव-कुश ने ही भगवान श्रीराम को सुनाई थी। यही कारण है कि वाल्मिकी कृत रामायण में लव-कुश के जन्म के बाद का वृतांत भी मिलता है। बहरहाल, महर्षि वाल्मीकि के जीवन से यह सीख मिलती है कि जीवन की नई शुरूआत करने के लिए किसी खास समय या अवसर की आवश्यकता नहीं होती बल्कि इसके लिए आवश्यकता होती है केवल सत्य और धर्म को अपनाने की। उनका जीवन बुरे कर्मों को त्यागकर अच्छे कर्मों और भक्ति की राह पर अग्रसर होने की राह दिखलाता है। महर्षि वाल्मीकि का जीवन समस्त मानव जाति को यही शिक्षा देता है कि मनुष्य के जीवन में कितनी भी कठिनाइयां क्यों न हों, यदि वह चाहे तो अपनी हिम्मत, हौंसले और मानसिक शक्ति के बल पर तमाम बाधाओं को पार कर सकता है।**(लेखक 35 वर्षों से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# मुंशी प्रेमचंद : हिंदी साहित्य का महानायक, गरीबों की आवाज

## उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि 8 अक्टूबर पर विशेष आलेख...



प्रदीप कुमार वर्मा



सामाजिक व्यवस्था का यथार्थ चित्रण करने वाला कलमकार, सीधी सपाट और लोकप्रिय भाषा शैली, समाज में गरीब- गुरबों की एक सशक्त आवाज, हिंदी साहित्य का महानायक और कलम का जादूगर। ये सभी उपमा और अलंकार उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद को समर्पित है। मुंशी प्रेमचंद ने अपनी साहित्यिक यात्रा के दौरान समाज के गरीब, पिछड़े, महिला, साहूकार तथा खेती किसानी को अपना विषय बनाया और इन विषयों से संबंधित पात्रों को बड़ी बखूबी से साहित्य विधा में साकार रूप दिया। कई दशकों पूर्व मुंशी प्रेमचंद की यह साहसिक साहित्यिक यात्रा और उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है और आज भी सामाजिक ताने-बाने में मुंशी प्रेमचंद की कलम की धमक सुनाई पड़ती है। आज हम साहित्य को समर्पित ऐसे ही साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि मना रहे हैं। उन्होंने मुख्य रूप से उपन्यास, कहानी, नाटक और लेख लिखे, और समाज के शोषित वर्गों, विशेषकर किसानों और महिलाओं की समस्याओं और पीड़ा को अपनी रचनाओं में जीवंत किया। हिन्दी साहित्य के युगांतरकारी लेखक मुंशी प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले स्थित लमही गाँव में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। उनका असली नाम धनपत राय श्रीवास्तव था किंतु साहित्य जगत में वे प्रेमचंद नाम से विख्यात हुए। उनके पिता मुंशी अजायबराय डाक विभाग में कार्यरत थे और माता का नाम आनंदी देवी था। जब वे मात्र सात वर्ष के थे, तभी उनकी माता का देहांत हो गया। करीब पंद्रह वर्ष की उम्र में उनका विवाह कर दिया गया और सोलह वर्ष की अवस्था में उन्होंने अपने पिता को भी खो दिया। पिता का निधन हो जाने के बाद प्रेमचंद को कम उम्र में ही स्कूल छोड़ना पड़ा और परिवार को चलाने के लिए काम करना शुरू कर दिया। वर्ष 1898 में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की। प्रेमचंद ने अपने जीवन की शुरुआत एक अध्यापक के रूप में की। उन्हें मात्र 18 रुपए मासिक वेतन पर पहली नौकरी मिली। प्रारंभ में उन्होंने बहराइच, गोरखपुर, कानपुर और इलाहाबाद जैसे विभिन्न शहरों के स्कूलों में अध्यापन कार्य किया।

धीरे-धीरे अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर वे उच्च पदों पर पहुँचे और उन्हें स्कूल इंस्पेक्टर के रूप में प्रोन्नति प्राप्त हुई। नौकरी के साथ उन्होंने अपनी पढ़ाई भी जारी रखी। उन्होंने अंग्रेज़ी, दर्शन, फारसी और इतिहास विषयों के साथ इंटरमीडिएट किया और इसके बाद वर्ष 1919 में बीए की डिग्री प्राप्त की। वर्ष 1921 में जब महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन के तहत सरकारी नौकरियाँ छोड़ने का आह्वान किया। तब प्रेमचंद ने भी 23 जून 1921 को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया और साहित्य को अपना जीवन-ध्येय बना लिया। अपने साहित्य सृजन के प्रारंभिक दौर में उन्होंने उर्दू में लिखना शुरू किया और तब प्रेमचंद का पहला उपन्यास मैना प्रकाशित हुआ लेकिन, प्रेमचंद को जल्द ही ऐसा महसूस हुआ कि हिंदी लोगों तक उनकी बात पहुंचाने के लिए उन्हें हिंदी में लिखना जरूरी है। इसलिए उन्होंने हिंदी में लिखना शुरू किया और तब से वह अपने कलम नाम 'प्रेमचंद' को अपने हिंदी साहित्य पर लिखने लगे।

उनका पहला हिंदी उपन्यास सेवासदन वर्ष 1918 में लिखा गया जिसने उन्हें साहित्यिक जगत में खासी लोकप्रियता दिलाई। उनकी यह कृति उस समय के भारतीय समाज में मौजूद सामाजिक बुराइयों, जैसे वेश्यावृत्ति और महिला उत्पीड़न, पर तीखी टिप्पणी करती है। उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद ने कई उपन्यास एवं कहानी तथा नाटक लिखे। उनके प्रमुख उपन्यास में सेवासदन, प्रेमाश्रम, रंगभूमि, प्रतिज्ञा, गबन, कर्मभूमि एवं गोदान शामिल हैं। वहीं, कहानी-संग्रह में सप्तसरोज, नवनिधि, समरयात्रा एवं मानसरोवर प्रमुख हैं। मुंशी प्रेमचंद की चर्चित कहानियों में दो बैलों की कथा, ईदगाह, ठाकुर का कुआँ, पूस की रात, कफन, बूढ़ी काकी, पंच परमेश्वर, बड़े घर की बेटी, नमक का दारोगा, कर्मों का फल, बलिदान एवं शतरंज के खिलाड़ी प्रमुख हैं। उनके द्वारा लिखित नाटकों में संग्राम, कर्बला एवं बलिदान तथा बाल-साहित्य में रामकथा, कुत्ते की कहानी एवं मनमोदक खासी चर्चित हैं। मुंशी प्रेमचंद ने साहित्यिक सजन के साथ सामाजिक सुधारो के लिए बहुत काम किया।

उनके साहित्यिक योगदान को याद करें तो पता चलता है कि उन्होंने सरस्वती प्रेस की स्थापना से जुड़कर साहित्यिक प्रकाशन को बढ़ावा दिया। वहीं, 'हंस' और 'जागरण' पत्रिकाएँ निकालीं जिनके माध्यम से सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय चेतना का प्रसार हुआ। प्रेमचंद ने अपने साहित्य के माध्यम से सामाजिक सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। वे समाज में हो रही कुरीतियों, अंधविश्वास और असमानताओं के खिलाफ थे। उनके लेखन में सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के प्रति जागरूकता का संदेश मिलता है। प्रेमचंद ने अपने लेखन में किसानों और मजदूरों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उनकी रचनाओं में मजदूर वर्ग के संघर्ष और शोषण का वास्तविक चित्रण है। उन्होंने समाज के निम्नवर्ग की आवाज को प्रमुखता दी और उनके अधिकारों की बात भी की। वर्ष 1936 में 8 अक्टूबर को महज 56 साल की आयु में उनका निधन हो गया। भारतीय डाक विभाग द्वारा 31 जुलाई 1980 को उनकी जन्मशती पर डाक टिकट जारी किया गया। इसके साथ ही उन्हें पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया। मुंशी प्रेमचंद ने अपनी प्रखर लेखनी के जरिए सामाजिक रूढ़ियों के खिलाफ आवाज उठाई। विवाह से संबंधित रूढ़ियों जैसे बहु विवाह, बेमेल विवाह, अभिभावक द्वारा आयोजित विवाह, दहेज प्रथा, विधवा विवाह, वृद्ध विवाह, बाल विवाह, पर्दा प्रथा, पतिव्रता धर्म के विषय में और सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया। आर्थिक समस्या के बावजूद अतिथि सत्कार का उन्होंने पुरजोर विरोध किया। मुंशी प्रेमचंद का हिंदी साहित्य में सबसे बड़ा योगदान यथार्थवाद की नींव रखना और सामाजिक समस्याओं का चित्रण करना था। उन्होंने अपनी सरल भाषा के माध्यम से गरीबों, किसानों और मेहनतकश वर्ग के संघर्षों को अपनी रचनाओं में जीवंत किया। यही नहीं, उन्होंने कहानी और उपन्यास की एक नई परंपरा विकसित की जो आज भी साहित्यकारों का मार्गदर्शन करती है। उन्होंने अपने लेखन में मानवीयता, न्याय और समानता के मूल्यों को बढ़ावा दिया। यही वजह है कि मुंशी प्रेमचंद का साहित्य सर्जन वर्तमान में भी प्रासंगिक दिखाई पड़ता है।

# राज्यमंत्री एससीएसटी आयोग के उपाध्यक्ष का दौरा अनपरा में हुआ

द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक



**सोनभद्र।** थाना अनपरा परिक्षेत्र में औडीमोड़ में कृष्णा चौरसिया के आवास पर रुके और कार्यकर्ताओं से क्षेत्रीय समस्याओं पर बातचीत किया । उत्तर प्रदेश में भाजपा की योगी सरकार द्वारा चलाए जा रहे शासन के तहत एसीएसटी आयोग के उपाध्यक्ष बनाए गए जीत सिंह खरवार का आज अनपरा के औडीमोड़ में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया, वहीं जीत सिंह खरवार ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है जो नीचे तबके के लोग है उनका विकास हो, योगी जी ने जो दायित्व मुझे दिया है उसका नि करूंगा, मैं कल्पना नहीं कर सकता था कि मुझे पूरे प्रदेश में काम करने का अवसर योगी जी मुझे प्रदान करेंगे, अपने दबे कुचले लोगों की आवाज उठाने का पूरा प्रयास करूंगा वहीं एसटी वर्ग के लोगों के शोषण के सवाल पर उन्होंने कहा कि शोषण करने वालों पर सरकार कठोर कार्यवाही करेगी, और जो व्यक्ति जिस भाषा में समझेगा सरकार उस भाषा में समझाने का काम करेगी और बुलडोजर कार्यवाही भी होगी। मंडल अध्यक्ष प्रमोद शुक्ला, महामंत्री कृष्णा चौरसिया महामंत्री अरिसूदन श्रीवास्तव, अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष सरजू बैसवार,दिलीप गुप्ता, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र परमार, प्रमोद शुक्ला बाबा, विकास जायसवाल आकाश पाण्डेय, पदाधिकारी मौजूद रहे

## जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल आयोजित कर सुनी जन समस्याएं

# बारिस से कार्यक्रम में हुआ व्यवथान, स्थान परिवर्तन कर सुचारू की जनसुनवाई

रामकुमार उपाध्याय

**रुदावल ।** रूदावल कस्बे के राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में मंगलवार देर शाम को जिला कलक्टर की रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर कमर उल जमान चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं का समाधान के करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में जलभराव, आवारा गोवंश, नाले निर्माण, सुलभ शौचालय सहित अन्य समस्याओं के करीब 60 परिवाद प्राप्त हुए। कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को तत्काल राहत मिल सके। कलक्टर ने रुदावल क्षेत्र में विकास एवं जनसुविधाओं से जुज़ी कई योजनाओं पर निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में कस्बे के जाटव बस्ती के लोगों की ओर से आम रास्ते में जलभराव एवं गांव नाथपुरा के ग्रामीणों की ओर से रूदावल से नाथपुरा जाने वाले रास्ते में लम्बे समय से जलभराव के कारण रास्ते के बाधित रहने की समस्या से निजात दिलाने के लिए परिवाद दिए। जिला कलक्टर ने अम्बेडकर पार्क से जाटव बस्ती तक जलभराव की समस्या के स्थायी निस्तारण हेतु कार्ययोजना तैयार करने को कहा। ग्राम नाथपुरा में जलभराव निकासी हेतु अवैध निर्माणों को हटाने, तथा एसडीएम को मौके पर निरीक्षण कर व्यावहारिक योजना बनाने को कहा। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने स्वामित्व योजना में मकानों के पट्टों से संबंधित समस्याओं का समाधान करने, रुदावल ग्राम पंचायत में माज़पुरा रोड पर शेष नाले का निर्माण प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए। रात्रि चौपाल में कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी तुलसी सिंह ने किसानों की कृषि विभाग की बीमा, मृदा परीक्षण, उर्वरकों के उपयोग सहित अन्य जानकारी दी। सहकारिता विभाग के अधिकारियों की ओर से भी सहकारी समिति से किसानों को मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई। रात्रि चौपाल में जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह, एसडीएम विष्णु बंसल, तहसीलदार राकेश गिरि, विकास अधिकारी काजल शर्मा, एडिशनल एसपी हरिराम कुमावत, नायब तहसीलदार जयप्रकाश शर्मा, सरपंच जसमती कोली, सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर, रुदावल थाना प्रभारी रामरूप मीणा, खनिज विभाग फोरमैन वीरेन्द्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बारिस से हुआ जनसुनवाई में व्यवधान - जिला कलक्टर की ओर से आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान अचानक मौसम खराब होने एवं बारिस शुरू हो जाने से व्यवधान आ गया। जन सुनवाई स्थल से पास ही स्थित विद्यालय के ही एक बडे हॉल में तत्काल व्यवस्था कर जनसुनवाई को सुचारू किया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### महिला सभासद ने कहा जांच के डर से मनगढ़ंत आरोप लगा रहे पेटी ठेकेदार बने कुछ सभासद

**द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक,सोनभद्र।** थाना अनपरा परिक्षेत्र में स्थित अनपरा नगर पंचायत वार्ड नंबर 10 गाँधी नगर की सभासद जुलेखा बानो ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र मे कहा है कि अनपरा नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ के इशारे पर पेटी ठेकेदार बने कुछ सभासद लाम बंद होकर विकास कार्यों मे हुए व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच को दबाने के लिए उल जलूल आरोप प्रत्यारोप लगा रहे है द्य उन्होंने कहा है कि एडीएम सोनभद्र के यहां ज्ञापन सौपने वाले सभासदो को नगर पंचायत मे सरकारी धन की लूट नहीं दिख रही है भ्रष्टाचार की शिकायत करने वालो को कैसे दबाया जाये इसके लिए अध्यक्ष व ईओ अपने चहेतो सभासदो से निराधार आरोप लगवा रहे है द्य वह एक अल्पसंख्यक महिला है जो लगातार अनपरा नगर पंचायत की भ्रष्टाचार की शिकायत कर रही है तत्कालीन डीएम चंद्र विजय सिंह द्वारा गठित तीन सदस्यीय कमेटी के रिपोर्ट मे भी नगर पंचायत में भी नगर पंचायत का खुलासा हो चूका है तथा एक अगस्त 2025 को जांच करने आये एडीएम ने भी जांच कर भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए सविदाकारों के भुगतान से 20 प्रतिशत कटौती के आदेश दिए थे द्य नगर पंचायत मे कराये जा रहे विकास कार्य मे बड़ेपैमाने पर भ्रष्टाचार जारी है जिसकी आवाज उठाने पर बौखलाये सभासदो द्वारा जांच ना हो इसके लिए सारा खेल खेला जा रहा है द्य उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई अंतिम दम तक जारी रहेगी

### रानी अम्बेडकर संस्कार केन्द्र पर महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती मनाई



**नगराज वैष्णव रानी –** 7 अक्तूबर को विद्या भारती विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय रानी द्वारा संचालित अंबेडकर संस्कार केंद्र में महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई / गोविन्द सिंह राठौड़ ने महर्षि वाल्मीकि की जीवनी के बारे में जानकारी दी/ उन्होंने कहा कि वाल्मीकि जी का मानना था कि निर्बल एवं उपेक्षित जन को सफल बनाकर ही स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है/इस अवसर पर संस्कार केंद्र प्रभारी गणेशाराम दिलीप दहिया ,मधु कुमारी भाटी,,रिंकु कुमारी , संस्कार केन्द्र संचालिका रंजन कुमारी सहित मातृशक्ति व भैया- बहिन मौजूद थे

### एनजीओ से जोडकर लाभ दिलाने का झांसा देकर 21 हजार रुपए हडपने का मामला दर्ज

**रामकुमार उपाध्याय। रुदावल 8 अक्टूबर ।** रुदावल थाना पुलिस में एक जने की ओर से एनजीओ से जोडकर लाभ दिलाने का झांसा देकर 21 हजार रूपयों को हडपने का मामला दर्ज कराया है। रूदावल थाना के हैड कास्टेबल प्रमोद कुमार ने बताया कि गांव नदीगांव निवासी विक्रमसिंह पुत्र वासीराम जाटव की ओर से इस्तगासा के माध्यम से दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 14-07-2025 को मेरी सास की मृत्यु होने पर मैं अपनी ससुराल सवला अक्खा चौराहे के पास गया था। वहीं अक्खा चौराहे पर नगर भरतपुर का एक व्यक्ति मुझसे मिलने आया जो मेरी गाडी को खरीदने की बात कर रहा था। हमने अक्खा चौराहे पर स्थित गोलू होटल पर बैठकर बात की थी। उस व्यक्ति के जाने के बाद गोलू होटल वाला सुरेशसिंह पुत्र बन्नी जाट ने मुझे नई गाडी खरीदने पर अपनी एनजीओ. से 14 लाख रुपए का एक चैक, एक स्कीम के तहत दिलाने की बात की। इसके लिये एनजीओ से जुडने के लिए 21 हजार रुपए में रजिस्ट्रेशन कराने को कहा। सुरेशसिंह द्वारा मुझे फोन करने पर 18-07-2025 को जरिए फोन 21 हजार रुपए, आधार कार्ड, चैक बुक की फोटो कोपी ले ली और 10-15 दिन में 14 लाख रुपए की चैक अपनी एनजीओ से दिलाने की बात कही। 10-15 दिन निकलने पर जब सुरेश सिंह से बात की तो उसने मना कर दिया। जब रजिस्ट्रेशन के नाम पर लिए रूपयों को वापिस मांगा तो उसने गाली गलौच करते हुए रूपए वापिस देने से मना कर दिया। रिपोर्ट में बताया है कि सुरेश सिंह ने अपने झांसे में लेकर षड्यंत्र पूर्वक छल करके 21 हजार रूपए हडप लिए है।

### जबरन खेत जोतने एवं मारपीट करने का मामला कराया दर्ज

**रामकुमार उपाध्याय,रुदावल।** रुदावल थाना पुलिस में एक जने की ओर से गांव के ही नामजदों के खिलाफ जबरन खेत को जोतने एवं मना करने पर मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। रुदावल थाना के हैड कास्टेबल प्रमोद कुमार ने बताया कि गांव पुराबाई खेडा निवासी नीरज कुमार पुत्र कमल सिंह जाट की ओर से इस्तगासा के माध्यम से दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि गांव के ही राधेश्याम, भूपेन्द्र उर्फ छोटू, महारानी जातियान जाट एकराय मशविरा कर हाथों में लाठी - फरसा आदि घातक हथियार एवं साथ में एक ट्रैक्टर लेकर उसके खेत पर पहुंच गए और खेत को ट्रेक्टर से जोतने लग गए। जब खेत को जोतने का विरोध किया तो गाली-गलौच कर लाठी-डण्डों व लात-घूंसों से मारपीट कर दी। इन लोगों ने खेत में लगे हुए आम, सफेदा, अमरूद के 8 हरे पेडों को भी उखाड दिया।

# सर्विलांस / एसओजी व हाथीनाला पुलिस की टीम ने दोहरा हत्याकांड का खुलासा दो अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद

द डेसिंप्रग



सोनभद्र पुलिस मुख्यालय पर आज अभिषेक वर्मा एसपी ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र अनिल कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ओबरा सोनभद्र हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना हाथीनाला पुलिस, सर्विलांस सेल एवं एसओजी/स्वॉट की संयुक्त टीम द्वारा थाना हाथीनाला पर पंजीकृत मु0अ0सं0-31/2025 धारा-103(1) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकरण में दो वांछित अभियुक्तों को 01.मुन्ना कुमार पुत्र द्वारिका प्रसाद, उम्र करीब 22 वर्ष, 02.राहुल उर्फ सिद्धार्थ पुत्र द्वारिका प्रसाद, उम्र करीब 28 वर्ष निवासीगण ग्राम मोतीपुर, थाना नौबतपुर, जिला पटना (बिहार को ग्राम हाथीनाला तिराहे से लगभग 400ङ्क500 मीटर आगे रेनुकूट रोड से गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 24.09.2025 को थाना हाथीनाला पर मु0अ0सं0 31/2025 धारा 103(1) बी.एन.एस. बनाम अज्ञात अभियुक्त पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन एवं मृतका के ज्येष्ठ भाई रोहित कुमार के बयान के आधार पर मृतका की पहचान मुन्नी गुप्ता पुत्री द्वारिका प्रसाद, पत्नी दुखन साव निवासी ग्राम मोतीपुर, थाना नौबतपुर, जनपद पटना (बिहार) के रूप में हुई।गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण- 01.मुन्ना कुमार पुत्र द्वारिका प्रसाद, उम्र करीब 22 वर्ष, ग्राम मोतीपुर, थाना नौबतपुर, जिला पटना (बिहार को 02.राहुल उर्फ सिद्धार्थ पुत्र द्वारिका प्रसाद, उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम मोतीपुर, थाना नौबतपुर, जिला पटना (बिहार) विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन से ज्ञात हुआ कि मृतका के ही परिजनअवधेश पुत्र द्वारिका प्रसाद , राकेश पुत्र द्वारिका प्रसाद , मुकेश पुत्र द्वारिका प्रसाद,मुन्ना पुत्र द्वारिका प्रसाद,

राहुल उर्फ सिद्धार्थ पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी ग्राम मोतीपुर, थाना नौबतपुर, जिला पटना (बिहार) मृतका मुन्नी गुप्ता को जनपद गुजरात से लाकर हाथीनाला जंगल में मारकर फेंका गया था। मृतका के पति दुखन साव पुत्र स्व. कपिल साव का शव कंकाल अवस्था में थाना दुद्धी क्षेत्रान्तर्गत रजखड़ के जंगल में मिला था, जिसकी विधिक कार्यवाही थाना दुद्धी से की जा रही है बरामदगी का विवरण गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्तगण के कब्जे से वाहन संख्या ळश्र01ज्ञ147 (पिकअप ब्लू कलर) बरामद किया गया, जिसका प्रयोग उक्त हत्या में किया गया था। अभियुक्तगण से पूछताछ में उन्होंने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणप्र0नि0 भैया एस0पी0 सिंह हाथीनाला, उ0नि0 राजेश जी चौबे एसओजी/सर्विलांश/स्वॉट टीम प्रभारी,उ0नि0 बृजेश कुमार दूबे सर्विलांश सेल, उ0नि0 मोहन सिंह ,उ0नि0 राजनारायण यादव, हे0का0 मनोज कुमार ,हे0का0 प्रकाश सिंह सर्विलांश सेल, हे0का0 लाल जी यादव सर्विलांश सेल, हे0का0 सतीश कुमार सिंह एसओजी टीम,का0 शिवम मौर्या सर्विलांश सेल ,का0 अनुराग कुमार,का0 रितेश पटेल एसओजी,का0 अजीत कुमार एसओजी टीम,का0 अजीत यादव एसओजी टीम,का0 प्रेमप्रकाश एसओजी,का0 सत्यम पाण्डेय एसओजी टीम जनपद सोनभद्र।

## दीपावली से पहले दो दिवसीय बिजली कटौती का अलर्ट

# 9 और 12 अक्टूबर को सितारगंज क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

- उपभोक्ताओं से वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की अपील।

**सितारगंज। (दीपक भारद्वाज)।** दीपावली से पूर्व विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ व सुरक्षित बनाए जाने के उद्देश्य से विद्युत वितरण खण्ड उपकेंद्र सितारगंज में आवश्यक रखरखाव एवं उन्नयन कार्य किए जाएंगे। अधिशासी अभियंता सी.एस. बस्नेत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तकनीकी कार्य के चलते क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति दो दिन प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि दिनांक 09 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8ः00 बजे से सायं 4ः30 बजे तक 132 केवी उपकेंद्र सितारगंज से पोषित 33 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति आंशिक या पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। इसके साथ ही दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को प्रातः 9ः00 बजे से सायं 4ः30 बजे तक 132 केवी उपकेंद्र एल्विको सितारगंज से पोषित सभी 33 केवी फीडरों की आपूर्ति भी पूर्ण एवं आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी।विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इन निर्धारित तिथियों पर पूर्व तैयारी कर लें एवं आवश्यक कार्यों हेतु वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो। विभागीय अधिकारी ने बताया कि यह कार्य दीपावली पर्व से पूर्व विद्युत लाइनों और उपकरणों के रखरखाव हेतु अनिवार्य है, जिससे आने वाले दिनों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।अधिशासी अभियंता सी.एस. बस्नेत ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि ÷राष्ट्रहित में बिजली बचाना हम सबका दायित्व है।÷ उन्होंने असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया और कहा कि यह कार्य उपभोक्ताओं की दीर्घकालिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।

# मंडावर-महवा रोड स्टेशन पर 'अमृत संवाद' से गूंजा विकास का स्वर

-अमृत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन हुआ हाईटेक, यात्रियों ने साझा किए सुधार के सुझाव।

रिपोर्टर/मनोज खंडेलवाल

मंडावर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ÷पंच-प्राण÷ सिद्धांतों और रेल मंत्रालय के विशेष अभियान 5.0 के तहत उत्तर मध्य रेलवे के मंडावर-महवा रोड स्टेशन पर बुधवार को ÷अमृत संवाद÷ कार्यक्रम उत्साह और सहभागिता के माहौल में संपन्न हुआ। मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा, यात्री सुविधाओं का मूल्यांकन और नागरिकों से सीधे संवाद के जरिए सुझाव प्राप्त करना था। वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक विवेक दिवाकर ने बताया कि मंडावर-महवा रोड स्टेशन को अमृत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक स्वरूप में बदला गया है। स्टेशन पर अब स्वच्छ एवं सुसज्जित प्रतीक्षालय, नवनिर्मित प्लेटफार्म शेड, विस्तारित पार्किंग, ऊर्जा-संवर्धित एलईडी प्रकाश व्यवस्था, आधुनिक शौचालय तथा ÷एक स्टेशन एक उत्पाद÷ स्टॉल जैसी सुविधाएं यात्रियों के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह स्टेशन अब सिर्फ यात्रियों की जरूरतें पूरी नहीं करेगा, बल्कि स्थानीय उत्पादों को भी बाजार उपलब्ध कराकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा। जनसंपर्क अधिकारी कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में यात्रियों और रेलवे अधिकारियों के बीच कई महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। संवाद में स्टेशन के सौंदर्यीकरण, पेयजल व्यवस्था, कोच मार्गदर्शन प्रणाली, दिव्यांगजन हेतु विशेष सुविधाओं, स्वच्छता और रखरखाव जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। यात्रियों ने रेलवे सेवाओं को और अधिक जनोन्मुख, पारदर्शी और जिम्मेदार बनाने के सुझाव साझा किए।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों ने प्रधानमंत्री के ÷विकसित भारत 2047÷ के लक्ष्य को साकार करने के लिए अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदारी और जिम्मेदारी से निभाने का संदेश दिया। इस मौके पर डीआरयूसीसी सदस्य रोशन हवलदार, तोताराम मीना, मंडावर थानाधिकारी सत्यनारायण बसवाल, द लिटिल चैंपियन स्कूल के प्रिंसिपल राकेश तिवारी, वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक मोहन मीना, स्टेशन प्रबंधक बी.एस. मीना, उप स्टेशन प्रबंधक रामप्रसाद मीना सहित रेलवे कर्मचारी, आमजन और यात्री बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

रेलवे प्रशासन ने कार्यक्रम के समापन पर कहा कि ÷अमृत संवाद÷ कोई औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि 'रेलवे पंच-प्राण' की एक सजीव अभिव्यक्ति है, जो जनसहभागिता के माध्यम से विकास की दिशा में नए मानक स्थापित करने का प्रतीक है। इस संवाद ने स्पष्ट संदेश दिया कि स्वच्छता, रखरखाव और रेलवे संपत्तियों के संरक्षण में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ही अमृत काल के भारत की सच्ची शक्ति है।

## प्रदेश की कानून व्यवस्था वेंटीलेटर पर

# सीएम की बात को लेकर कोई अधिकारी गंभीर नहीं - हनुमान बेनीवाल

द डेसिंप्रग



**कुचामन।** डीडवाना -कुचामन जिले के कुचामन सिटी में उद्योगपति रमेश रुलानिया की गोली मारकर हुई हत्या के बाद उपजे जन आक्रोश से एक बार प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो गए। कुचामन में न्याय की मांग को लेकर चल रहे धरने में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। उन्होंने कुचामन पहुंचने से पहले पुलिस मुख्यालय में राजस्थान पुलिस के डीजीपी राजीव शर्मा से मुलाकात भी की और इस मामले में त्वरित कार्यवाही करने की मांग की। धरने में मीडिया से बातचीत करते हुए सांसद बेनीवाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास गृह विभाग का जिम्मा है, मगर मुख्यमंत्री की बात को कोई अधिकारी गंभीरता से नहीं लेता। सांसद ने कहा आपराधिक गैंग चुनौती देकर एक उद्योगपति को गोली मार देती है, रंगदारी और वसूली का काम प्रदेश में चल रहा है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि राजस्थान की कानून व्यवस्था वेंटीलेटर पर है। उन्होंने कहा फर्जी पासपोर्ट बनाकर जो अपराधी विदेश भागे है उनके फर्जी पासपोर्ट जिस स्तर पर बने, उनके पुलिस वेरिफिकेशन जहां से हुए उनके खिलाफ भी कार्यवाही होनी चाहिए और इंटरपोल के माध्यम से ऐसे अपराधियों की धरपकड़ करनी चाहिए। उन्होंने कहा कानून व्यवस्था को चुनौती देकर जघन्य अपराध कारित किए जा रहे हैं और जेलों से मुख्यमंत्री को धमकियां मिल रही है। नेताओं को धमकियां मिल रही है इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि तंत्र में अपराधी तत्वों का बोलबाला है और कानून व्यवस्था वेंटीलेटर पर है। परिजनों की मंशा के अनुरूप जिला कलक्टर सहित आला अधिकारियों की मौजूदगी में हुई सहमति के बाद दिवंगत रमेश रुलानिया के अंतिम संस्कार में सांसद हनुमान बेनीवाल भी सम्मिलित हुए।

# अंसारी समाज के विद्यार्थियों के लिए सरकार से विशेष योजना लाने की माँग



**जयपुर।** राजस्थान में अंसारी समाज के शिक्षा और सामाजिक विकास को लेकर एक बड़ी पहल सामने आई है। राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन (राजस्थान प्रदेश) ने राज्य सरकार से समाज के विद्यार्थियों और युवाओं के भविष्य को सँवारने के लिए ठोस कदम उठाने की माँग की है।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद नसीम अंसारी ने माननीय उपमुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अंसारी समाज शिक्षा, रोजगार और संसाधनों के अभाव में पिछड़ रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए सरकार को विशेष योजनाएँ बनानी चाहिए।

**संगठन ने रखी ये प्रमुख माँगें**

1.अंसारी समाज छात्रावास हर जिले में मेधावी और निर्धन छात्रों के लिए हॉस्टल की स्थापना। 2.सामुदायिक पुस्तकालय व ई-लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए आधुनिक लाइब्रेरी की सुविधा। 3.अंसारी समाज सामुदायिक भवन सामाजिक कार्यक्रमों और प्रशिक्षण गतिविधियों के लिए भवन निर्माण।4.स्किल डेवलपमेंट एवं कोचिंग सेंटर युवाओं को सरकारी नौकरी और स्वरोजगार के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण।5.छात्रवृत्ति व ब्याजमुक्त शिक्षा ऋण गरीब छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता। नसीम अंसारी ने कहा कि सरकार यदि इन माँगों पर शीघ्र कार्रवाई करती है, तो अंसारी समाज भी शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छू सकता है।

राजस्थान पुलिस मे चलता है अपना अलग कानून,, बिना एफ आई आर दर्ज किये,होती है जाँच- डीजीपी दें जबाब-- राजा भईया

# आखिर किस कानून के तहत परिवाद की जाँच के नाम पर राजस्थान मे महिनो दर्ज नही होती एफ आई आर - राजा भईया

## कानून जाये भाड मे ,बिना FIR जाँच करेगी राजस्थान पुलिस तो , डीजीपी को भेजी शिकायत- एडवोकेट तोमर

जयपुर - राजस्थान भारत देश का ही एक बडा प्रदेश है परंतु आपको यह जान कर अचरज होगा कि फिर भी यहाँ की पुलिस का अपना एक अलग कानून है? इस सनसनी खेज बात का खुलासा करते हुये हिंदुस्तान शिवसेना के रास्ट्रीय प्रमुख और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्दसिहं तोमर राजा भईया ने एक लिखित शिकायत जनहित व न्यायहित मे ,ई मेल के मध्यम से प्रदेश के पुलिस मुखिया डीजीपी के नाम भेजते हुये पूरे प्रकरण की जाँच करा कर संबंधीत पुलिस थाना और जिला पुलिसवअधिकारीयों के विरुद्ध बिभागिय एवं कानुनी कारवाई करने की मांग की है, सुप्रिम कोर्ट तथा हाई कोर्ट के कई लैंड मार्क जज मैन्टो का हवाला देते हुये उन्होने आज पत्रकारो को भेजी गई शिकायत की प्रति सँझा करते हुये बताया की वह स्वयं इस पीज़ के भुक्त भोगी है, राजस्थान प्रदेश के लगभग सभी





जिलों के थानो का यही हाल है की पीडित द्वारा आरोपियों के विरुद्ध संगेय,कोग्निजेबल अपराध कारीत किये जाने का खुलासा करते हुए भी शिकायत देने पर ना तो थाने से कोई रिसिविंग दी जाती हैं और ना ही तत्काल उस शिकायत पर एफ आई आर ही दर्ज की जाती और महिनो यह कह कर शिकायतकर्ता को टाल दिया जाता है कि अभि परिवाद पर जाँच की जा रही है,जबकी नियम व कानून तथा सुप्रिम कोर्ट के लैंड मार्क जजमैन्ट ललिता कुमारी वनाम राज्य,,रमेश कुमारी वनाम राज्य एवं प्रियंका श्रीवास्तव वनाम राज्य आदी के केस आदेशों सहित तमाम राज्यो के हाई कोर्ट्स द्वारा अपने विभिन्न आदेशों मे यह स्पस्ट किया है कि पीडित द्वारा संगेय अपराधों का खुलासा करते हुये दी गई शिकायतो पर पुलिस तत्काल आरोपियों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करेगी और फिर तुरंत मामले की जाँच करेगी, इसके लिये सभी थाना प्रभारी बाध्य है,लेकिन राजस्थान पुलिस अपना अलग कानून चलाती हैं वह पीडित की संगेय अपराधों का खुलासा करने वली दी गई शिकायत बिना रिसिविंग दिये ले कर रख लेती है और बिना एफ आई आर दर्ज किये जाँच करती है ?? और इतना नही महिनो महिनो इस जाँच के नाम पर निकाल देती है यह कार्य या तो आरोपियों की मिली भगत से होता है और या फिर अपने थानो मे अपराध आँकड़े कम दिखाने के लिए ज़म्मिदार पुलिस कर्मी ,गैर जिम्मेदरना तरीके से नियम विरुद्ध करते हैं,राजा भईया ने डीजीपी को लिखे शिकायत पत्र में यह भी स्पस्ट किया है की एसा कर सम्बंधित पुलिस कर्मी अपने पुलिस अधिकारी एवं लोक सेवक होने के दायित्वो की पलना तो करते ही नही है,साथ ही साथ सुप्रिम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेशो का भी उलन्घंन करते हैं जबकी पीडित को न्याय पाने के लिए पुलिस थाना उसकी सबसे पहली सीज़ होती है,इस बाबत उन्होने डीजीपी से जबाब भी मंगा है कि वो बताएँ कि उनके प्रदेश की पुलिस उपरोक्त कार्य आखिर किस नियम व कानून के तहत करती है? खबर कडबी जरुर है परंतु सच्ची है अब देखना होगा कि राजा भईया की यह शिकायत कितना रंग लाती है।

# फ्रेशर व फेयरवेल पार्टी में डीजे पर थिरके छात्र-छात्राएँ

## पढ़ाई में अव्वल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया

**-ट्रॉफी सहित धनराशि व पुरस्कार वितरित किया तथा छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।**

**नानकमत्ता (दीपक भारद्वाज)।** नगर में स्थित श्री गुरूनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार कक्ष में फेशर एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पार्टी की शुरूआत प्राचार्या डा. सीता मेहता व बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. इंदु बाला द्वारा माँ सरस्वती, गुरूनानक देव के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ की गई। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सीता मेहता ने कहा कि वे सभी नए छात्र-छात्राओं का महाविद्यालय में दिल से स्वागत तथा विदाई ले रहे छात्र-छात्राओं को आशिर वचन के रूप में आशीर्वाद दिया। छात्र-छात्राओं के लिए कई प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई,



प्रतियोगिताओं में बीए पाठ्यक्रम से मिस्टर फेशर रितिक राना और दीपक राना, मिस फेशर पूजा बाजपेयी और सुहानी तथा एमए पाठ्यक्रम में संजना राना व बीबीए पाठ्यक्रम में खुशबू गुप्ता को मिस फेशर चुना। इधर फेयरवेल पार्टी में एमए पाठ्यक्रम की स्वाति को सर्वश्रेष्ठ छात्रा चुनी गयी। फेशर व फेयरवेल पार्टी में डीजे की धुन पर छात्र-छात्राओं खूब थिरके।

महाविद्यालय प्रबंधक स. चरनजीत सिंह द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में विश्वविद्यालय स्तर पर स्वर्ण व रजत पदक विजेता छात्राओं महिमा कन्नौजिया, पूर्णिमा राना, कमला भट्ट व प्रेरणा राना को ट्रॉफी सहित नगद धनराशि का पुरस्कार वितरित किया तथा छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।मंच का संचालन व पार्टी का आयोजन छात्र हर्षित पोखरिया, फरदीन खान ने किया। इस मौके पर डॉ. गोपाल सिंह, डॉ. मनोज कुमार जोशी, डॉ. आरती राना, डॉ. नीतू, पंकज सिंह बोहरा, ज्योति राणा, मनोज कुमार, ममता राना, पूनम राना, प्रगति राना, काजल वर्मन, रेनु थापा, दुर्गानाथ गोस्वामी, देव राम समेत छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू परिषद प्रखंड बाड़ी द्वारा वाल्मीकि जयंती मनाई गई

द डेस्प्रिंग

**बाड़ी/आशीष शर्मा।** महर्षि वाल्मिकी जयंती के उपलक्ष्य में नेवी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विश्व हिंदू परिषद वाड़ी प्रखंड अध्यक्ष महेश भटेले एवं वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष राघवेंद्र एवं समाज में वरिष्ठ महेश वाल्मीकि द्वारा महर्षि वाल्मीकि एवं भारत माता तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया । जिला समरसता प्रमुख दारा सिंह पचौरी द्वारा वाल्मीकि समाज के बंधुऔं को तिलक लगाकर तथा गले में पटुका द्वारा उनका स्वागत किया । इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के बंधुऔं द्वारा महर्षि वाल्मीकि पर उद्बोधन दिया गया। कैप्टन बनवारी सिंह जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख द्वारा महर्षि वाल्मीकि पर उद्बोधन दिया गया। जिला मंत्री वैद्य गिरीश कुमार ने बताया



हिंदू समाज मेंअस्पृश्यता, छुआछूत,दलित, पतित, आदि शब्दों का प्रयोग करना निंदनीय एवं अनुचित है क्योंकि समस्त हिंदू एक उदर से पैदा होने वाली संतान हैं। इस अवसर पर राहुल कुमार, विजय, दिनेश वाल्मीकि, रोहित, महेश, सूरज,धर्मेंद्र डांगुर, नरेश, वाल्मीकि, विशाल, कमल सिंह, धीरेंद्र सिंह, बृजेश बागड़ी समेत बड़ी संख्या वाल्मिकी समाज के कार्यकर्ता एवं बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष महेश भटेलेद्वारा वाल्मीकि समाज बन्धुओं को विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल, के कार्यकर्ता बनने के लिए आवाहन किया।कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद वैद्य गिरीश कुमार द्वारा किया गया।

# हिनौता चौकी के पास 01 अवैध देशी पिस्टल सहित मुल्जिम रिंकू गिरफ्तार

## मुल्जिम ओमवीर के कब्जे से 04 जिंदा कारतूस जप्त, मुल्जिम गिरफ्तार

**धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़ ।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा के पर्यवेक्षण में वृताधिकारी वृत मनियां जिला धौलपुर राजेश शर्मा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी मनियां



उदय चंद मीना पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में बदन सिंह एएसआई प्रभारी चौकी बरैठा द्वारा मय जाप्ता के मुखबिर की खास सूचना पर हिनौता चौकी के पास से मुल्जिम रिंकू पुत्र बृन्दावन उम्र 27 साल जाति गुर्जर निवासी हिनौता चौकी थाना मनियां जिला धौलपुर के कब्जे से 01 अवैध देशी पिस्टल को जप्त किया व मुल्जिम ओमबीर पुत्र भीखाराम जाति बघेल उम्र 37 साल निवासी बगचौली खार थाना मनियां जिला धौलपुर के कब्जे से 04 जिंदा कारतूस को जप्त किया गया। मुल्जिम रिंकू व ओमबीर को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। मुल्जिमों के विरुद्ध धारा आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर पूछताछ जारी है।

# धौलपुर शहर में सड़के हुई जर्जर मोहल्लों की हालत गम्भीर

धौलपुर 11धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़ जिलेभर में हुई भारी बारिश के बाद शहर की अधिकांश सड़कें जर्जर हालत में पहुंच गई हैं। जगह-जगह गहरे गड्ढे बन जाने से आमजन को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के पानी से सड़कें उखड़ चुकी हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।शहरवासियों में नगर परिषद, सार्वजनिक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के प्रति खासा रोष देखने को मिल रहा है। शहर की मुख्य सड़कें हों या कॉलोनियों की गलियां हर ओर सड़कें गड्ढों में तब्दील नजर आ रही हैं। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन नरेश मीणा ने बताया कि शहर की सड़कों की मरम्मत को लेकर





सितंबर माह में टेंडर जारी किए गए थे, लेकिन किसी ठेकेदार ने उनमें रुचि नहीं दिखाई। अब दोबारा टेंडर प्रक्रिया जारी है और 13 अक्टूबर को इन टेंडरों को खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद सड़कों के पेंचवर्क और नवीनीकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

इसी क्रम में नगर परिषद आयुक्त गुमान सैनी ने भी बताया कि परिषद के अधीन आने वाली सीसी सड़कों के पेंचवर्क के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद जल्द ही काम शुरू कराया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मरम्मत कार्य में गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जाए, ताकि कुछ महीनों बाद फिर से यही हाल न हो। फिलहाल शहरवासी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि दीपावली के बाद टूटी सड़कों की मरम्मत से उन्हें राहत मिलेगी।

# महवा में निकली वाल्मीकि जयंती की भव्य शोभायात्रा

**-जय वाल्मीकि के नारों से गूंजा शहर, अखाड़ा करतबों ने बांधा समा।**

**रिपोर्टर/मनोज खंडेलवाल**

महवा (दौसा)। मंगलवार को महवा नगर में महर्षि वाल्मीकि समाज की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। वाल्मीकि समाज महवा की ओर से निकाली गई शोभायात्रा ने पूरे शहर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत माहौल बना दिया। दोपहर दो बजे पुरानी तहसील परिसर से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा गुर्जर मोहल्ला, मुख्य बाजार, सैनी मोहल्ला होते हुए कुंड मोहल्ला स्थित वाल्मीकि बस्ती तक पहुंची, जहां कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान समाज के युवाओं ने पारंपरिक अखाड़ा करतबों का प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। ढोल-नगाड़ों, जय वाल्मीकि के गगनभेदी नारों और पुष्प वर्षा के बीच आगे बढ़ती शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की उमंग देखते ही बन रही थी। नगरवासी भी घरों की छतों से पुष्पवर्षा कर समाज की इस भक्ति यात्रा का स्वागत करते नजर आए।कुंड मोहल्ला स्थित वाल्मीकि बस्ती में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजनों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने न केवल



संस्कार और सत्य के मार्ग को अपनाया बल्कि समाज को समानता, ज्ञान और न्याय की राह दिखाई। वक्ताओं ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने और शिक्षा के प्रसार पर बल दिया।इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। आयोजन की व्यवस्था में समाज के कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का परिचय दिया। वाल्मीकि समाज के श्यामसुंदर सारवान और अनिल वाल्मिकी ने बताया कि यह आयोजन समाज में एकता, शिक्षा और सदाचार का संदेश लेकर आया है। महवा नगर में मंगलवार का दिन वाल्मीकि भक्ति के रंग में रंगा दिखाई दिया। जहां एक ओर शोभायात्रा ने समाज की एकजुटता का परिचय दिया, वहीं दूसरी ओर महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं ने लोगों को सेवा, सत्य और समरसता का भाव अपनाने की प्रेरणा दी।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद शाखा बाड़ी की ओर से काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

द डेस्प्रिंग

**बाड़ी/आशीष शर्मा।** ईशू वाले हनुमान मंदिर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद शाखा बड़ी की ओर से शरद पूर्णिमा के अवसर पर एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती वंदना सत्यदेव चंसौरिया ने ÷वीणावादिनी वर दे÷ तथा शरद पूर्णिमा से संबंधित कविता ÷उदित व्योम में चांद पूनमी खिली मस्त हो चांदनी÷ प्रस्तुत की उसके बाद सुरेंद्र सिंह परमार ने शरद पूर्णिमा के अवसर को दुख पूर्ण बताते हुए अपनी कविता ÷कैसे देखें शरद पूर्णिमा कैसे खुशी मनाएं हम, चौराहे पर गुंडागर्दी कैसे लाज बचाएं हम।÷ प्रस्तुत कर समाज में फैली गुंडागर्दी पर तंज कसा। अलीम अब्बासी ने ÷ चांद उतरेगा



जमीं पर तो अंधेरा होगा÷ ÷दूसरों को जख्म दिखाने से क्या फायदा ÷प्रस्तुत की फतेहपुर सीकरी से पधारे %पैकर फतेहपुरी% ने अपना कलाम इन शब्दों में प्रस्तुत किया ÷एक कड़ी से वाबस्ता जब एक खड़ी हो जाती है ,अम्लों अमां की इस तरह जंजीर बड़ी हो जाती है÷ बहुत सुंदर कविता प्रस्तुत की %हितेंद्र सिसोदिया% ने ÷तेज हो बारिश का मौसम बिजली नभ में कड़कती है, यहां पर मैं तड़पता हूं वहां पर वह तड़पती है÷ प्रेम गीत प्रस्तुत किया %रवि जाट% ने ÷जो चाट रहे है तलवे, वह खा रहे हैं हलवे÷ स्वाभिमानी यहां मर रहे भूख से÷ समाज की विसंगति पर कविता प्रस्तुत की उम्मेद सिंह बेचैन %करौली%से पधारे उन्होंने ÷नया सवेरा आता है हर रात गुजर जाने के बाद, गंदा नाला गंगा बनता उसमें मिल जाने के बाद÷ बहुत सुंदर कविता प्रस्तुत की इब्राहिम खान द्वारा ÷जाते-जाते मेरे दिलबर वादा एक निभा जाना÷ प्रस्तुत की राम वकील प्रताप ने ÷जिस देश में गंगा बहती है उसे देश का पौधा सूखा क्यों, जो देश है सोने की चिड़िया, उस देश का बच्चा भूखा क्यों÷ विनोद विक्रम ने ऑनलाइन मोबाइल से श्रृंगार छंद ÷अली फिरै गली-गली, नहीं मिली नई कली÷तथा कविता ÷जागे सुप्त सूर सारथी ऐसी तान सुनाओ तुम, जन-गण-मन के रोम-रोम में भारत प्रेम जगाओ तुम÷ प्रस्तुत किया राम अवतार शर्मा ने ÷सिखाया बोलना जिसने, उसे ही चुप कराते हैं, बूढे मां-बाप को घर से निकाल देते हैं÷ इस अवसर पर राधेश्याम आर डी वाले अशोक कुमार शर्मा प्रधानाचार्य, भूरेलाल लवानियां ,राकेश कुमार शर्मा प्रधानाचार्य, महेंद्र सिंह जाट, रामसेवक शर्मा, राधे लाल यादव, विक्की कुईयांवर लिपिक वन विभाग ,श्यामसुंदर गौड, रामनाथ शर्मा ÷रामायणी÷, महेश कुमार शर्मा, भरकूंजरा, राम वकील, उम्मेद सिंह, टिंकू अब्बासी, तथा डॉक्टर नेहा शर्मा उपस्थित रहे ।अंत में राधेश्याम आर डी वालों ने सभी को धन्यवाद दिया।

# डेगाना विधायक अजय सिंह किलक नें बिखरनियाँ कलां-मेवड़ा सड़क का किया शिलान्यास

**-विधायक किलक बोले- क्षेत्र में विकास की नई राह खुलेगी**

**-एक करोड़12 लाख की लागत सें 5 किलोमीटर बनेगी डामरीकरण सड़क,क्षेत्रवासियो कों मिलेगा लाभ**

**डेगाना (सुशील लोरा)**

डेगाना उपखण्ड मुख्यालय के बिखरनियाँ कलां क्षेत्र में बुधवार को विधायक अजय सिंह किलक की अनुशंसा सें बिखरनियाँ कलां से मेवड़ा सड़क का शिलान्यास किया गया।डेगाना विधायक अजयसिंह किलक ने वर्षो पुरानी इस मांग को पूरा करते हुए सड़क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक राजस्थानी रीति-रिवाजों से अतिथियों का स्वागत किया, जिसमें साफा और माला पहनाना शामिल था। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।विधायक अजयसिंह किलक ने अपने संबोधन में कहा कि यह सड़क क्षेत्र के लिए जीवनरेखा साबित होगी। उन्होंने बताया कि इससे ग्रामीणों को स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। किलक ने भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि गांव-गांव के चहुंमुखी विकास और





जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान विधायक ने सड़क शिलान्यास के साथ ही क्षेत्र में हुए कई अन्य विकास कार्यो का लोकार्पण भी किया, जिससे गांवों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी।भेरूंदा पंचायत समिति के प्रधान जसवंतसिंह थाटा ने कहा कि यह सड़क ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों में लाभ पहुंचाएगी, जिससे तरक्की के नए अवसर पैदा होंगे। हरसौर मंडल अध्यक्ष अमित आशोपा ने ग्रामीण विकास को मोदी और राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विकास की सभी योजनाएं धरातल पर उतारी जाएंगी।सरपंच प्रतिनिधि भीयाराम लोमरोड़ ने विधायक और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया, क्योंकि लंबे समय से चली आ रही सड़क की मांग पूरी हुई है। उन्होंने डीडवाना और डेगाना होकर रोडवेज बस सेवा शुरू करने की मांग की, जिससे आमजन, विद्यार्थी और मरीजों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने ईटावड़ा भोजा व सुरपुरा से तोरूड़ा माता मंदिर वाया ईटावड़ा भोजा तक डामरीकरण सड़क बनाने की भी मांग रखी, ताकि धार्मिक स्थल तक आवागमन आसान हो। इसके अतिरिक्त, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की भी मांग की गई।शिलान्यास और लोकार्पण के बाद ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। लोगों ने विधायक किलक का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर नगर में चला स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान

# बच्चों को दी गई एलबेंडाजोल टैबलेट, चिकित्सकों ने किया जागरूक

**सितारगंज (दीपक भारद्वाज)।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बुधवार को गुरुनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल व उप जिला चिकित्सालय सितारगंज में बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से कृमि मुक्ति अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलदीप सिंह यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. यादव ने बच्चों को एलबेंडाजोल टैबलेट देकर अभियान की शुरुआत की और कहा कि आंतों में होने वाले कृमि संक्रमण बच्चों की वृद्धि, पोषण, एकाग्रता और मानसिक विकास को प्रभावित करते हैं, जिससे एनीमिया, थकान, पेट दर्द और पढ़ाई में ध्यान न लगने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा हर वर्ष दो बार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाता है, जिसके तहत 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को एलबेंडाजोल टैबलेट दी जाती है ताकि वे स्वस्थ और सशक्त बन सकें।डॉ. यादव ने बताया कि यह दवा सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और मदरसों में वितरित की जा रही है। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सभी बच्चों को यह दवा अवश्य दिलवाएं, ताकि कोई भी बच्चा कृमि संक्रमण से ग्रसित न हो। जो बच्चे किसी कारणवश आज यह दवा नहीं ले



पाएंगे, उन्हें मॉप-अप डे (15 अक्टूबर) पर यह दवा उपलब्ध कराई जाएगी।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, चिकित्सा विभाग की टीम से डॉ. चित्रा पांडे, राष्ट्रीय किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की काउंसलर अनीता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों ने बच्चों को स्वच्छता, हाथ धोने की आदत, शौचालय उपयोग एवं साफ-सफाई के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। वातावरण पूरी तरह स्वास्थ्य जागरूकता से ओतप्रोत नजर आया।

# जिले में बैंकों के ऋण-जमा अनुपात यानि सीडी रेशो में अभी भी काफी सुधार की है संभावनाएं-सीईओ



**धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़।** जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक जिला कलक्ट्रेट सभागार में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें सरकारी योजनाओं के ऋण आवेदन व सब्सिडी दावों में लंबित प्रकरणों को नियम समय सीमा में निस्तारित किया जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना, पीएम युवा स्वरोजगार आदि योजना के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में वर्ष 2025-26 की वार्षिक साख योजना की समीक्षा की गई तथा केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न वित्तीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर चर्चा की गई। उन्होंने जिले के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल देते हुए, सभी बैंकों को इस दिशा में ठोस पहल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले के सुदूर क्षेत्रों में निवासरत प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की सभी वित्तीय और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने बैंकों को निर्देशित किया कि वित्तीय समावेशन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं और शाखा विस्तार एवं मोबाइल बैंकिंग सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करें।

बैठक में विभिन्न बैंकों द्वारा संचालित शाखाओं एवं उनकी उपलब्धियों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जिले में बैंकों के ऋण-जमा अनुपात यानि सीडी रेशो में अभी भी काफी सुधार की संभावनाएं हैं। सीडी रेशो में सुधार के लिए सभी बैंक अधिकारी लोगों को अधिक से अधिक ऋण आवंटित करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के लिए ऋण आवंटन में बिलकुल भी देरी नहीं होनी चाहिए। इन योजनाओं के लाभार्थियों को उदारता से ऋण दिए जाने चाहिए। जिले में ऋण आवंटन के संबंध में बैंक अधिकारियों को आ रही विभिन्न समस्याओं पर भी बैठक में व्यापक चर्चा की गई। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की समीक्षा भी की गई। उन्होंने कहा कि आम लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए तथा इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए।

नाबार्ड की एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस सेंटर स्कीम में बैंक अधिकारियों के साथ-साथ कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग और मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे इन योजनाओं की जानकारी आम किसानों तक पहुंचाएं और उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि बैठक का उद्देश्य वित्तीय योजनाओं की जमीनी स्थिति की समीक्षा करना, बैंकों एवं प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करना और आगामी कार्ययोजना पर मार्गदर्शन प्राप्त करना है। बैठक में कैलाशचन्द डीडीएम नाबार्ड, प्रमोद कुमार मंडल प्रमुख पीएनबी सहित विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

# भारतीय शिक्षा एवं जीवन पद्धति को अपनाने का समय : सुधांशु त्रिवेदी

**केशोरायपाटन(मुकेशजैन)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि एवं प्रखर वक्ता राज्यसभा सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सीमा से समाज तक विषय पर अपना उद्बोधन देते हुए कहां कि जहां कुछ वर्षों पूर्व हमें शक्तिशाली एवं बड़े देश होने के बाद भी पडौसी छोटे देश का डर सताता था, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सीमा पर ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने अप्रतिम एवं अद्वितीय शौर्य का प्रदर्शन कर पड़ौसी देश की सीमाओं में 150 से 300 किलोमीटर अंदर जाकर उनके एयर डिफेंस पर मिसाइलें गिराई उसे तबाह कर दिया और आतंकी केंद्रो को नष्ट कर आतंकियों को बेबस कर उन्हें घुटनों पर ला दिया। ऑपरेशन सिंदूर में चाइनीस डिफेंस तंत्र पूरी तरह फेल हो गया जबकि भारत का डिफेंस तंत्र पूरी तरह से प्रभावी सिद्ध हुआ। लेकिन विश्व पटल पर कार्यरत एक इकोसिस्टम ने इसे धुंधला कर मिटाने का प्रयास किया। हमारे समाज ,राजनीति और बौद्धिक प्रतिष्ठान में देश और विदेश में एक वर्ग ऐसा है जो हमारी सफलताओं पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा करने का कार्य करता है। जो भारत में हिंदुत्व की ताकत को कमजोर करने के लिए अल्पसंख्यकों, आरक्षित वर्गों, कमजोर एवं दलित वर्गों ,मीडिया आदि सभी को अपना लक्ष्य बनाता है और हमारे प्रजातंत्र के लिए खतरा बना हुआ है। यह वे लोग हैं जो प्रांतवाद ,क्षेत्रवाद, भाषावाद, जातिवाद ,अमीर -गरीब, सामान्य-दलित समाजो को आपस में लडवा कर तथ्यों को तोड़ बंदोदकर आधे अधूरे प्रस्तुत कर अपने लक्ष्य में सफल होना चाहते हैं। उन्होंने हमारे देश में ऊर्जा और खाद्यान्न की सुरक्षा का उदाहरण देते हुए बताया की आज हमारी कुल ऊर्जा खपत का 50 प्रतिशत हम अक्षय ऊर्जा से प्राप्त करने में सफल हो गए हैं सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारत ने दुनिया का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतर्राष्ट्रीय सौर ऊर्जा केंद्र गुरुग्राम में स्थापित किया है। पिछले माह ही हमने 250 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा बनाने की क्षमता अर्जित की। एक करोड़ घरों पर सोलर रूफटॉप ,रेलवे का लगभग शत प्रतिशत विद्युतीकरण , जल थल नभ तीनों में आणविक शक्ति संपन्न, भारत में बने विमान वाहक युद्धपोत ,नाभिकीय सबमरीन, एयरक्राफ्ट, यूरोपीय देशों का भारत में आकर रक्षा उद्योग स्थापित करना आदि सभी कार्य रक्षा क्षेत्र में हमारे प्रधानमंत्री की मजबूत इच्छा शक्ति का प्रकटीकरण है। उन्होंने युवा वर्ग को सरकारी सेवा के पीछे दौड़ने की बजाय एंटरप्रेन्योरशिप स्टार्टअप पर बल दिया। उन्होंने कहा की आने वाले समय में 90 प्रतिशत नौकरियां लक्ष्य आधारित ही होगी जिम युवा अपनी क्षमताओं एवं कौशल का भरपूर उपयोग कर सकेंगे। स्टार लिंक कनेक्शन के बाद देश-विदेश का कोई भी कार्य युवा अपने घर बैठकर भी पूर्ण कर पाएगा। मैकाले और मार्क्स की शिक्षा से मुक्त होकर भारतीय शिक्षा एवं जीवन पद्धति को पूर्णतया आत्मसात करने का समय है। भारत के इस अमृत कल के समय में शिक्षकों का यह महत्वपूर्ण दायित्व है कि जिस प्रकार भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं ज्ञान को गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया उसके सही स्वरूप को बालको एवं समाज तक पहुंचाना है हमें गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर हमारी विरासत का संरक्षण , देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर करना है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सहसरकार्यवाह सुरेश सोनी ने शिक्षा की भारतीय अवधारणा विषय पर अपने विचार रखे । अपनी प्राचीन गुरुकुल परंपरा पर जोर देते हुए वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहां की भारतीय शिक्षा एवं जीवन पद्धति में बच्चों के समग्र विकास एवं चारित्रिक विकास दोनों पर ही ध्यान देना आवश्यक है , जिसका उद्देश्य व्यक्ति को समाज और देश के योग्य बनाना और भारतीय संस्कृति का संरक्षण करना है और यह कार्य केवल एक शिक्षक ही कर सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय सामाजिक परिवर्तन का प्रमुख केंद्र है तथा शिक्षक उसकी धुरी और राष्ट्र निर्माण का पुरोधा है। उन्होंने शिक्षकों से आव्हान किया कि आओ हम सब मिलकर भारत मां को पुनः सर्वोच्च सिंहासन पर विराजित कर, उसके वैभव को पुनः स्थापित कर संपूर्ण विश्व में शांति , विकास और मानव कल्याण का संदेश दें। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर नारायण लाल गुप्ता ने संगठन की अब तक की यात्रा और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि,क्क्स्रू अपने स्थापना काल से ही शिक्षकों के सर्वांगीण विकास और राष्ट्र निर्माण के कार्य में निरंतर अग्रसर रहा है। प्रोफेसर गुप्ता ने यह भी बताया कि क्क्स्रूविश्व का सबसे बड़ा शिक्षकों का संगठन है, जो ÷शिक्षक राष्ट्र के लिए÷ इस मूल विचार और राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाज ध्येय वाक्य के साथ कार्य कर रहा है। एबीआरएसएम केवल शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास और 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए भी सक्रिय रूप से योगदान कर रहा है। कार्यक्रम के समारोह सत्र में जयपुर की महापौर सौम्या गुर्जर ,संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर,सह संगठन मंत्री लक्ष्मण,कार्यक्रम संयोजक शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा, महामंत्री गीता भट्ट,उच्च शिक्षा प्रदेश अध्यक्ष मनोज बहरवाल एवं देश के 28 राज्यों से पधारे शिक्षकों, कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री गीता भट्ट ने किया। बूंदी जिले से राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश माध्यमिक सचिव योगेश शर्मा, संभाग संयुक्त मंत्री अनिल सामरिया, संभाग मीडिया प्रभारी सुरेश बैरागी, जिलाध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा, जिलामंत्री अंकित गौतम ने राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभाग किया।



# रानी में शहरी सेवा शिविर में स्थानीय विधायक महोदय केसाराम चौधरी पहुंचे, लाभार्थियों को बाँटे पट्टे

**नगराज वैष्णव**

**रानी, 8 अक्टूबर 2025।** नगर पालिका परिसर, रानी में आयोजित शहरी सेवा शिविर में आज भी बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लेकर विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक महोदय केसाराम चौधरी के द्वारा शिविर का निरीक्षण किया एवं लाभार्थियों को पट्टों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस प्रकार के शिविरों से नागरिकों को योजनाओं का लाभ सीधे मिल रहा है और शासन की मंशा के अनुरूप सेवा सुविधाएँ आमजन तक पहुँच रही हैं। रानी हास्पीटल मे डाक्टर की टेबल पर नेम प्लेट होनी चाहिए होमियोपेथिक डाक्टर, युनानी डाक्टर , आँख के नम्बर निकलने वाला डाक्टर , डाईलेस सेज मशीन का उपयोग करो ! जनता पता लगना चाहिए कि रानी सरकारी हास्पीटल मे कितने डाक्टर है ! सारी सुविधाए पर उपयोग नही हो रहा है ! काकू ने डा . ओजस रावल को दिशा निर्देश दिये ! आयुष्मान कार्ड गुजरात मे नही चलने की बात कही ! इस पर विधान सभा मे प्रश्न उठाने की मांग की ! बाईपास तथा पानी की पाईप लाईन तथा कनेक्शन के पहले बिल ! मेन बाजार का मुत्रालय की बात उठी ,शिविर का संचालन नगर पालिका अध्यक्ष भरत कुमार राठौड़, उपाध्यक्ष डालचंद मेवाड़ा, नेता प्रतिपक्ष मोहमद इलियास चढ़वा, उपखंड अधिकारी शिवा जोशी तथा अधिशाषी अधिकारी सुदर्शन जांगू के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष भरत कुमार राठौड़ उपाध्यक्ष डालचंद मेवाड़ा,पार्षद पदम सिंह, जोधाराम कुमावत, सीता देवी बंजारा ,दाकू देवी, पदम सिंह, इलियास चढ़वा, मांगी देवी, कपूराराम प्रजापत, मीठालाल बंजारा, मांगीदेवी, सेतकी बाई, सुनील बेरवा, कपूराराम प्रजापत, , मोहम्मद अकरम, रानी के जनप्रतिनिधि तथा नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं जलदाय विभाग, चिकित्सा विभाग, विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।आज के शिविर में 69ठ पट्टा वितरण हेतु 2 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 3 फाइलों का निस्तारण किया गया। इसके साथ ही नामांतरण के 2 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 4 फाइलों निस्तारण किया गया। पेंशन स्वीकृति, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के 16 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट मरम्मत, नालियों की सफाई, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्य संपन्न किए गए।नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएँ।अगला शहरी सेवा शिविर दिनांक 09 ओर 10 अक्टूबर 2025 को वार्ड संख्या 15 एवं 16 में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पार्षद सेतकी बाई, एवं ललित सोनी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता कृष्ण मुरारी शर्मा, शिविर प्रभारी धनाराम चौधरी, गोपाल सिंह, किशन लाल,बाबूलाल कुमावत, जितेंद्र कुमार, रतनलाल, सुनील खीचड़, कांतिलाल, निजामुद्दीन, फिरोज खान, मनीष कुमार, मोनूकांत, मुकेश दत्ता, जगन्नाथ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे और शिविर की व्यवस्थाओं को सफल बनाने में सहयोग किया।



# गिव अप अभियान की ऐतिहासिक सफलता: 37 लाख से अधिक अपात्रों ने स्वप्रेरणा से छोड़ी खाद्य सुरक्षा, 31 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

## असल हकदारों को मिल रहा लाभ, 65 लाख से अधिक वंचित पात्रों को मिली खाद्य सुरक्षा

**-सामाजिक न्याय की उत्तम मिसाल बना गिव अप खाद्य सुरक्षा शुद्धिकरण से रुकी निर्धन के हक में सेंधमारी**



**धौलपुर, विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़ 08 अक्टूबर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित गिव अप अभियान प्रदेश में सामाजिक न्याय, स्वैच्छिक त्याग की भावना व गरीबों की सेवा की आदर्श मिसाल बनकर उभरा है। यह अभियान न केवल आमजन की नैतिकता, समानुभति और संवेदना आधारित सोच को उजागर कर रहा है, बल्कि सहभागिता का मार्ग भी दिखा रहा है। गिव अप अभियान निर्धन के हक में कोई सेंधमारी न हो, इस भावना को सामाजिक कर्तव्य में बदल रहा है।खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का मुख्य उद्देश्य सेवा और संवेदनशीलता के साथ निर्धन के हक को उस तक तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में वास्तविक हकदारों तक लाभ पहुंचाने के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में असल हकदारों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किये गये गिव अप अभियान में लगभग 37.62 लाख अपात्र लोगों द्वारा स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी गई है। गिव अप अभियान के द्वारा अपात्रों द्वारा खाद्य सुरक्षा छोड़ने के साथ साथ प्रदेश में 27 लाख से अधिक लोगों द्वारा ई केवाईसी संपन्न नहीं करवाई गई, इससे स्वतः उनका नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हट गया। इस प्रकार खाद्य सुरक्षा सूची में नए पात्र व्यक्तियों के लिए जगह बनी। 26 जनवरी 2025 को माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के कर कमलों से खाद्य सुरक्षा पोर्टल के पुनः प्रारंभ होने के बाद अब तक 65.25 लाख नए पात्र लाभार्थी खाद्य सुरक्षा से जोड़े जा चुके हैं।राज्य सरकार के इस कदम से खाद्य सुरक्षा का लाभ वास्तविक वंचितों को मिल रहा है। इसके साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत प्रति वर्ष 450 रुपए में 12 गैस सिलेंडर, मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख रुपए का सुरक्षा बीमा एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत निशुल्क चिकित्सा भी मिल रही है। श्री गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार के इस कल्याणकारी कदम से वंचित लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठ रहा है एवं वे मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने 10 लाख नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ने की बजट घोषणा की थी। इस लक्ष्य को बजट सत्र के दौरान ही विभाग द्वारा पूरा कर लिया गया। गिव अप अभियान की ऐतिहासिक सफलता को देखते हुए इसकी अवधि 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है।जिला रसद अधिकारी कल्याण सहाय करोल ने बताया कि जिले में 77 हजार 668 संपन्न लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का त्याग किया है। वहीं इससे बनी रिक्तियों से जिले में 1 लाख 57 हजार 622 पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि पात्र और वंचित लोग ही खाद्य सुरक्षा से जुड़े, यह सुनिश्चित करना राज्य सरकार का दायित्व है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा पात्रता का सत्यापन-जांच डोर टू डोर करने के साथ नए जुड़े लाभार्थियों की पात्रता की नियमित मोनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में दुकानवार अपात्र लोगों की सूची बनाकर सार्वजनिक स्थानों, पंचायत समितियों, नगर पालिकाओं, कलेक्ट्रेट, रसद कार्यालय में चस्पा की जाएगी, उन्हें नोटिस दिए जाएंगे और गेहूं वसूली की विधिक कार्रवाई शुरू की जाएगी। विभाग द्वारा अपात्रों को चिन्हित करने की प्रक्रिया निरन्तर जारी है। 31 अक्टूबर तक स्वेच्छा से गिव अप नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों से 1 नवम्बर से 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम गेंहू की दर से वसूली की जायेगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा पहली बार जिस तरह नाम हटाने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया, उसी प्रकार नाम जोड़ने की प्रक्रिया को भी अत्यधिक सरल और लाभार्थी फ्रेंडली बनाया गया है । पात्र व्यक्ति अब ई मित्र के साथ घर बैठे विभाग के पोर्टल पर भी अपना नाम जुड़वाने हेतु आवेदन कर सकता है। आवेदन जांच की प्रक्रिया तय करते हुए शहरी और ग्रामीण स्तर पर जांच दलों का गठन किया गया है। एनएफएसए में पात्र वंचितों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को ओर अधिक सुगम बनाने हेतु जिला कलेक्टर को भी खाद्य सुरक्षा सूची में लाभार्थी को शामिल करने के लिए अधिकृत किया गया है।

निम्न श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले परिवार खाद्य सुरक्षा हेतु अपात्र

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार ऐसे परिवार, जिनका कोई भी एक सदस्य सरकारी/अर्द्धसरकारी/स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी/अधिकारी हो अथवा एक लाख रूपये वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करता है, जिस परिवार का कोई भी एक सदस्य आयकरदाता हो तथा ऐसे परिवार जिनके किसी भी एक सदस्य के पास चारपहिया वाहन हो (ट्रेक्टर एवं एक वाणिज्यिक वाहन को छोड़कर), खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अपात्र होंगे। साथ ही ऐसे परिवार, जिनके सभी सदस्यों की कुल आय एक लाख रुपए वार्षिक से अधिक हो खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अपात्र होंगे।

गिव अप अभियान के पर्यवेक्षण के लिए उपायुक्त और संभागीय स्तर के अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा द्वारा अब तक प्रदेश के 32 जिलों का दौरा करने के साथ ही प्रत्येक जिले में अभियान की प्रारंभ से अब तक की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। हर स्तर पर योजना के सफल क्रियान्वयन और वस्तु स्थिति का फीडबैक लिया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा साप्ताहिक और पाक्षिक प्रवास सुनिश्चित किया जाकर प्रतिदिन मुख्यालय को रिपोर्ट किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

जिला स्तर पर अभियान की सार्थक क्रियान्विति के लिए विभिन्न स्तरों पर बैठकें, उचित मूल्य दुकानदारों, विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ सतत समन्वय किये जाने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से आम जन में अभियान के प्रति एक सकारात्मक चेतना बनाए रखने हेतु माननीय सांसद, विधायकगण, जिला प्रमुख, प्रधान पंचायत समिति, पालिका अध्यक्ष एवं पंचायत समिति-जिला परिषद सदस्यों से भी आहवान किया गया है। साथ ही क्षेत्रीय, लोक भाषाओं के माध्यम से खाद्य सुरक्षा से नाम हटाने एवं जोड़ने को लेकर विभागीय प्रक्रिया को प्रसारित करने का भी आहवान किया गया है।

## धान के उचित भाव को लेकर किसानों का मंडी में प्रदर्शन गेट किए बंद

# प्रशासन को 15 तक का समय दिया, उचित भाव नहीं मिला तो 15 से अनिश्चित काल मंडी बंद का ऐलान

**द डेस्प्रिंग**





**केशोरायपाटन(मुकेश जैन):** बूंदी में शुगर मिल संयुक्त किसान समन्वय समिति के प्रतिनिधि नवीन श्रृंगी ने बताया कि धान के उचित भावों को लेकर क्षेत्र के किसानों ने बूंदी मंडी पर उग्र प्रदर्शन किया और मंडी के गेट बंद कर दिए जिससे मंडी जाम हो गई किसान लगातार नारेबाजी कर अपनी मांगे मनवाने पर अड़े रहे किसानों को संबोधित करते हुए युवा किसान नेता गिर्राज गौतम ने कहा कि मंडियों में किसानों को लूटा जा रहे किसानों की खून पसीने की कीमत पर डाका डाला जा रहें। 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल के धान की कीमत 2400 रुपए लगाई जा रही हे जिससे किसानों को करोड़ों रुपए की हानि उठानी पड़ रही हे इसीलिए किसानों आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में साधारण 3200 रुपए क्विंटल बिक रहा हे वहां सरकार 27 लाख किसानों को बोनस दे रही तो फिर हाड़ौती के 1 लाख किसानों के साथ सरकार न्याय नहीं कर सकती क्या उन्होंने कहा कि अविलंब अंतराष्ट्रीय निर्यातकों को मंडी में बुलाया जाए गौतम ने कहा कि जब तक उचित भान को लेकर निर्णय नहीं हो जाता आंदोलन जारी रहेगा किसानों ने मंडी अन्य समस्याओं को लेकर भी प्रशासन चेताया किसानों ने कहा कि मंडी में गेट पास की व्यवस्था नहीं हे जिससे किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी होने खतरा बना रहता हे साथ ही मंडी में व्यापारी चावल मिल वालों के साथ मनमानी करते हुए 1 घंटे में पूरी बोली समाप्त कर देते हे जिसे से किसानों की जींस सही कीमत नहीं मिलती साथ ही मंडी के टीन शेडो पर व्यापारियों का कब्जा हे जिससे किसान की जींस खुले में पड़ी रहती हे साथ ही व्यापारी एक ही ढेर के अलग अलग भाव लगा देते हे इन सब समस्याओं को लेकर भी किसानों ने मंडी प्रशासन से शिकायत की किसानों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए मंडी सचिव गेट पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की जिसके बाद किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने सचिव के कार्यालय में वार्ता की जिसमें कुछ मांगों पर लिखित में सहमति बन गई मंडी सचिव ने भाव के मामले को लेकर अविलंब सरकार को अवगत करवा दिया जाएगा साथ ही 14 अक्टूबर तक निर्यातकों से वार्ता कर बूंदी मंडी में किसानों के साथ वार्ता करवाई जाएगी सोमवार से मंडी गेट पर गेट पास की व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी कृषि जींस की बोली लगने के बाद सम्पूर्ण जिम्मेदारी व्यापारी की रहेगी जींस के ढेर की बोली में अंतर नहीं लाया जायेगा प्रत्येक प्लेट फार्म पर रस्सी डालकर बोली लगवाई जाएगी मंडी के शेड में से व्यापारियों का माल खाली करवा कर किसानों को उपलब्ध करवाया जायेगा अगर कोई व्यापारी इन शर्तों की पालना नहीं करता हे तो उसका लाइसेंस रद्द किया जाएगा इसके बाद किसानों ने निर्णय किया कि अगर 15 तारीख तक किसानों को उचित भाव नहीं मिले तो 15 तारीख से किसान अनिश्चित कालीन मंडी बंद करवायेगा अब की बार हर गांव से किसान अपनी ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ मंडी पहुंचेगा वार्ता के बाद 5 घंटे बाद मंडी के दरवाजे खोले गए तब व्यापारियों ओर प्रशासन ने चेन की सांस ली इस मौके पर किसान नेता हरिशंकर नागर, रामस्वरूप पहाड़, बुधराम चौधरी, पुष्पचंद गुर्जर, दिनेश नागर, श्याम खटाना, रामनारायण बैरवा, मोहनलाल बैरवा, श्रीनाथ नागर, रामदत्त मीणा, सुखविंदर सिंह, सूरजमल नागर, भंवर लाल चौधरी, घनश्याम मालव रामस्वरूप सैनी आदि ने भी संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मिर्जापुर में सांप से भिड़ा बादल, परिवार को बचाने के लिए कोबरा से लड़ते हुए वफादार कुत्ते ने गवां दी जान

**मिर्जापुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में एक परिवार को बचाने के लिए कुत्ते ने अपनी जान की बाजी लगा दी। घर में जा रहे सांप से भिड़ गया। उसने सांप को मार डाला लेकिन सांप से डसने से कुत्ता भी मर गया। मिर्जापुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिले के छानबे क्षेत्र के बबुरा गांव में सोमवार की शाम घर में घुसे कोबरा सांप से वफादार कुत्ता बादल भिड़ गया। कुत्ते के मालिक राणा सिंह ने बताया कि शाम को कोबरा सांप उनके चहार दीवारी के अंदर पहुंच गया।

### डेढ़ माह की मासूम को खा गया जंगली जानवर, खेत में मिला सिर और हाथ

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के बरहन थाना क्षेत्र के गांव नगला बरी में बाजरे की कटाई के दौरान मजदूर महिला ने अपनी डेढ़ माह की बच्ची को खेत में लिटा दिया। तभी एक जंगली जानवर बच्ची को उठा ले गया। बच्ची की तलाश करने पर उसके सिर और हाथ जंगल में पड़े मिले। नगला बरी निवासी सुबोध कुमार की पत्नी अपनी सात वर्षीय और डेढ़ माह की बेटी को खेत में लिटाकर बाजरे कटाई कर रही थीं। परिजन के अचानक कोई जंगली जानकर आया और डेढ़ माह की बच्ची को उठा ले गया। कुछ देर बाद देखने पर बेटी नहीं मिली को चारों तरफ खोजबीन की गई। तलाश करने पर बेटी का सिर और हाथ जंगल की तरफ पड़े मिले। परिजनों ने सिर और हाथ दफन कर दिए। घटना से गांव में दहशत है।

### पशु व्यापारी की सड़क हादसे में मौत, साथी घायल

**अलीगढ़, एजेंसी।** कस्बे के व्यापारी मोहल्ला निवासी एक पशु व्यापारी की सड़क हादसे में मौत हो गई है। साथी घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार तौफीक (40) पुत्र रफीक पशुओं का व्यापार करते थे। मंगलवार दोपहर वह अपने साथी बबलू के साथ बाइक से गांव बमनई से मुरसान आ रहे थे। रास्ते में गांव अमरपुर के निकट एक टेंपो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तौफीक की मौत हो गई, जबकि बबलू घायल हो गया। लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी में भर्ती कराया, वहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। मुरसान के पूर्व चेयरमैन गिर्राज किशोर शर्मा भी पहुंच गए और पीड़ित परिवार के लोगों से बातचीत की। पुलिस ने टेंपो को कब्जे में ले लिया है। मुरसान कोतवाली प्रभारी ममता सिंह का कहना है कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मंदिर में घुसकर पुजारी को पीटा मारपीट, वीडियो वायरल

**अलीगढ़, एजेंसी।** शहर के प्रसिद्ध बौहरे वाली देवी मंदिर में रविवार रात कुछ लोगों ने मंदिर के पुजारी को बेल्ट और लात-घूंसों से पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मंदिर पुजारी मुकेश चतुर्वेदी ने बताया कि कि वह बौहरे वाली देवी मंदिर परिसर में सोमवार की रात को बैठे हुए थे। तभी कुछ युवक हाथों में बेल्ट लेकर मंदिर पहुंचे। इन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें मंदिर से घसीटकर बाहर निकाला और जमीन पर गिराकर पीटा। वीडियो में मारपीट के दौरान आरोपी युवक पुजारी पर एक युवती से छेड़खानी करने का आरोप भी लगा रहे हैं। पुजारी लगातार चीखते-चिल्लाते रहे, लेकिन मौके पर मौजूद कोई व्यक्ति बीच-बचाव करने नहीं आया। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घायल पुजारी मुकेश चतुर्वेदी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल पुजारी का जिला अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण कराया है। एसएचओ सतेंद्र सिंह राघव ने बताया कि घटना के संबंध में जांच की जा रही है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गई है।


### मुठभेड़ में घायल दोनों आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**बांगरमऊ, एजेंसी।** बिल्हौर-बांगरमऊ मार्ग पर डहन जाने वाले रास्ते पर सोमवार शाम वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई थी। इसमें हरदोई निवासी दो बदमाशों के पैर में गोली लगने से घायल हुए थे। उन्होंने वृद्ध के साथ चोरी की घटना भी कबूली थी। सीएचसी में उपचार के बाद मंगलवार को पुलिस ने दोनों को जेल भेजा है। कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में हरदोई जिले के सांडी थाना के ककेड़ी गांव निवासी विवेक उर्फ सुआ और दूसरा हरदोई सदर कोतवाली के कैथोलिया गांव निवासी सोलंकी घायल हुए थे। दोनों ने तीन अक्तूबर को कोतवाली क्षेत्र के हैबतपुर गांव निवासी रामजीवन के थैले से चोरी हुए 76000 रुपये चोरी की घटना में शामिल थे। रात भर सीएचसी में उपचार के बाद मंगलवार को हालत में सुधार होने पर दोनों को जेल भेजा गया है।

# प्रदेश से मानसून हुआ विदा, सुबह और शाम हवा में घुली ठंडक

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी में मौसम बदल गया है। राजधानी में सुबह और शाम की हवा में ठंडक घुलने लगी है। बीते कुछ दिनों से पारे में उतार-चढ़ाव के बाद अब अंदाजा होने लगा है कि जल्द ही राजधानी शरद ऋतु दस्तक देने वाली है। मंगलवार की शाम को हल्की ठंडी हवाएं चलीं और लोगों को हल्की सिहरन महसूस हुई। रात में ग्रामीण इलाकों में हल्की धुंध भी देखी जा रही है।

मौसम विभाग का कहना है कि बुधवार से अब राजधानी में बादलों की सक्रियता घटेगी और मौसम के आमतौर पर शुष्क रहने के संकेत हैं। बादलों की सक्रियता कम होने के बावजूद दिन छोटा होने से शाम से सुबह तक तापमान में गिरावट होगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि राजधानी लखनऊ में मानसून अपने आखिरी दौर में है। दो तीन दिनों में राजधानी से मानसून के वापसी की परिस्थितियां बन सकती हैं। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ की स्थिति में ही बारिश देखने को मिलेगी। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 1.3 डिग्री की गिरावट के साथ 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री लुढ़क कर 25.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।



### पूरे प्रदेश से मानसून विदाई के संकेत

उत्तर प्रदेश में बीते कुछ दिनों से जारी बारिश का दौर अब थमने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक अब बुधवार से पश्चिमी यूपी में मौसम के शुष्क रहने के संकेत हैं। हालांकि पूर्वांचल के इलाकों में कहीं कहीं बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। कुल मिलाकर यूपी में अब मानसून विदाई की ओर है।

इस बूंदाबांदी के दौर के बाद प्रदेश में अगले दो-तीन दिनों में रात के पारे में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना जताई गई है। मंगलवार को पश्चिमी यूपी और एनसीआर के कुछ जिलों में गरज चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। संभल में सर्वाधिक 120 मिमी और मुजफ्फरनगर में 60 मिमी बारिश दर्ज की गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि दक्षिणी-पश्चिमी मानसून वापसी की रेखा झांसी, शाहजहांपुर से होते हुए पूर्वी देशांतर तक जा रही है। अगले दो-तीन दिनों में प्रदेश भर से मानसून वापसी की परिस्थितियां बन सकती हैं।

## फतेहपुर में भीषण सड़क हादसा, टायर फटने से स्कार्पियो खंदक में गिरी, चार लोगों की मौत-पांच को पुलिस ने बचाया

**फतेहपुर, एजेंसी।** फतेहपुर जिले में कानपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर बुधवार की सुबह भोर पहर एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की पानी में डूबने से मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब शादी समारोह से लौट रही एक स्कार्पियो अनियंत्रित होकर बड़ौरी ओवरब्रिज के पास पानी से भरे गहरे खंदक में जा गिरी।

हादसे में पानी में डूबने चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार, प्रयागराज के सब्जी मंडी खुल्दाबाद से नौ लोग कानपुर के मोतीझील स्थित वाल्मीकि आश्रम में आयोजित सामूहिक शादी समारोह में शामिल होने गए थे।

### पांच लोगों को सकुशल बचाया

बुधवार सुबह वापस लौटते समय बड़ौरी ओवरब्रिज के पास स्कार्पियो का टायर फट गया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरे पानी भरे खंदक में जा घुसी। गाड़ी में पानी भर जाने के कारण चार लोगों की दम घुटने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पांच लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया।

### हादसे के मृतकों में ये हैं शामिल

पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। हादसे के मृतकों में साहिल गुप्ता (26), शिवम साहू (28), रितेश सोनकर (28), और राहुल केसरवानी (25) शामिल हैं। वहीं, चालक राहुल कुमार, महेश, अमित, सुमित, नीरज समेत पांच को बचा लिया गया।

## आसमान में चक्कर काटता रहा दिल्ली से वाराणसी आ रहा विमान, लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग




**वाराणसी, एजेंसी।** दिल्ली से वाराणसी आ रहा इंडिगो का विमान मौसम खराब होने के कारण वाराणसी एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हो सका। काफी देर तक आसमान में उड़ता रहा। इसके बाद विमान को लखनऊ डायवर्ट किया गया। लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को इंडिगो का विमान 6 ई 2211 दिल्ली से अपने निर्धारित समय सुबह 5 बजे वाराणसी के लिए उड़ान भरा और सुबह 6 बजे वाराणसी हवाई क्षेत्र में पहुंचा और लैंडिंग की अनुमति मांगी लेकिन मौसम खराबी के कारण दृश्यता काफी कम थी। ऐसे में लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली।

विमान लगभग आधे घंटे तक हवा में चक्कर काटता रहा। मौसम ठीक न होने और फ्यूल कम होने के कारण विमान को नजदीकी एयरपोर्ट लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। लगभग दो घंटे बाद मौसम सामान्य होने पर विमान वापस वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचा। इस दौरान सभी यात्री विमान में ही बैठे रहे।

## विवादित बैनर से नकहा में हड़कंप, तीन युवक हिरासत में- भीड़ हो गई थी इकट्ठा

**गोरखपुर, एजेंसी।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा नंबर एक में मंगलवार को लगाए गए एक विवादित बैनर ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल हुईं तो कुछ लोग मौके पर वीडियो बनाने लगे। वहां स्थानीय कुछ लोग उनसे उलझ गए। मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला।

इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। दुकान की शटर के ऊपर लटक रहे बैनर पर भड़काऊ बातें लिखी गई हैं। ये बातें आपत्तिजनक हैं, इसलिए खबर में इनका जिक्र नहीं किया जा रहा है। सुबह करीब 10 बजे मोहल्ले के लोगों ने जब यह बैनर देखा, तो इलाके में चर्चा फैल गई।

कुछ ही देर में इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। वीडियो बनाने की कोशिश कर रहे कुछ लोगों से स्थानीय युवक उलझ पड़े, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। विवाद बढ़ने पर कई दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं और भीड़ एकत्र हो गई।




सूचना मिलते ही चिलुआताल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। जांच के दौरान पुलिस को नकहा रेलवे स्टेशन से लेकर बरगदवां स्पोर्ट्स कॉलेज तक की दीवारों पर भी इसी तरह के पोस्टर लगे मिले। स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने पोस्टर लगाने की जिम्मेदारी नहीं ली।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत सभी पोस्टर और बैनर हटवा दिए। थाना प्रभारी चिलुआताल सूरज सिंह ने बताया कि तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। यह जांच की जा रही है कि इन बैनरों को लगाने के पीछे किसकी मंशा थी और इसका उद्देश्य क्या था। फिलहाल इलाके में स्थिति शांत बनी हुई है, लेकिन पुलिस सतर्कता बनाए हुए है।

## पुत्रवधू पर हमला: सिर और गर्दन पर मारा फरसा, हाथ आगे किया तो उसे भी काट डाला, खून से लथपथ थाने पहुंचा ससुर

**मेरठ, एजेंसी।** नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर सेक्टर 13 में सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी इकबाल हसन ने मंगलवार दोपहर अपनी पुत्रवधू राहत उर्फ हिना (26) पर जानलेवा हमला किया। उसने फरसे से पुत्रवधू के गर्दन और सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार किए। आरोपी उसे मरा समझ कर हाथ में खून से सना फरसा लेकर नौचंदी थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया।

उसने कहा-मैंने अपनी बहू को फरसे से काटकर मार डाला है, मुझे गिरफ्तार कर लो। घायल हिना को गंभीर अवस्था में आनंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि पुत्रवधू पर शक के कारण ससुर ने यह वारदात की है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, शास्त्रीनगर सेक्टर 13 निवासी इकबाल हसन करीब 12 साल पहले सेना से रिटायर्ड हुआ था। उसके बड़े बेटे महताब मलिक की शादी पांच साल पहले मेडिकल थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी राहत उर्फ हिना से हुई थी। उनके करीब डेढ़ साल का बेटा कबीर है। दोनों बच्चा पार्क के पास स्टार सिटी कॉम्पलेक्स में कोचिंग सेंटर चलाते हैं।

इकबाल का छोटा बेटा आफताब मेडिकल लाइन से जुड़ा है, जबकि बेटी नईमा एक बैंक में मैनेजर है। मंगलवार को दोनों बेटे एक रिश्तेदारी में मौत होने पर वहां गए थे। घर पर इकबाल, हिना, नईमा और मासूम कबीर था। दोपहर में नईमा और हिना छत पर खाना खा रही थी।

तभी ससुर इकबाल वहां आया और कंबल में छिपाकर लाए फरसे से हिना पर हमला कर दिया। उसके सिर और गर्दन पर फरसे से कई वार किए। हिना ने बचाव किया तो हाथ भी लहूलुहान हो गया। हिना लहूलुहान होकर गिर गई। यह दृश्य देखकर नईमा मदद के लिए चिल्लाई हुई मकान के बाहर की ओर भागी।

चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। यहां का मंजर देखकर सभी की रूह कांप गई। पड़ोस में फैक्टरी चलाने वाले फैक्टरी मालिक के साथ कार में हिना को लेकर लोग हयात अस्पताल पहुंचे। यहां पर डाक्टरों ने उसकी हालत देखते हुए उपचार से इंकार कर दिया। इसके बाद दूसरे अस्पताल गए, वहां भी डॉक्टरों ने इलाज से मना कर दिया। इसके बाद उसे मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती कराया। वहां से बाद में परिजनों ने उसे आनंद अस्पताल में भर्ती कराया।

**बाइक पर सवार होकर पहुंचा नौचंदी थाने :** इकबाल हसन पुत्रवधू पर जानलेवा हमले के बाद घर से निकला और बाइक सवार होकर नौचंदी थाने पहुंच गया। खून से सने कपड़ों और हाथ में खून से सना फरसा लेकर इकबाल हसन ने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। वह थाने जाकर बोला, मैने अपनी बहू को काटकर मार दिया है। उसकी बात सुनकर पुलिस कर्मियों के भी होश उड़ गए।

इंस्पेक्टर नौचंदी इलम सिंह ने आला अफसरों को इसकी जानकारी दी और घटनास्थल पर पहुंचे। घर में चारों तरफ खून बिखरा था। घायल हिना को परिजन व पड़ोसी मेडिकल कॉलेज लेकर चले गए थे। पुलिस ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर हिना की हाल जाना और परिजनों से घटना की जानकारी ली। महताब मलिक और आफताब भी अस्पताल पहुंच गए। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। उसने हमलावर ससुर इकबाल हसन से भी पूछताछ की। उधर, हिना के मायके वाले भी अस्पताल पहुंच गए।

## बाइक हैंडल छूने पर सिपाही ने खोया आपा, भाजपा कार्यकर्ता को रायफल की बट से पीटा, भाजपाइयों का हंगामा

**कानपुर, एजेंसी।** कन्नौज जिले में मोहल्ला ग्वाल मैदान में रावण दहन मेला देखकर घर जा रहे भाजपा कार्यकर्ता को सिपाही ने पीट दिया,जिससे वह घायल हो गया। घटना की जानकारी होने पर भाजपाइयों ने कोतवाली घेर ली और सिपाही पर कार्रवाई की मांग कर हंगामा किया। युवक को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। शहर के मोहल्ला यूसुफपुर भगवान मकरंदनगर निवासी भाजपा कार्यकर्ता आकाश मिश्रा देर रात करीब 11 बजे मोहल्ला ग्वाल मैदान में रावण दहन मेला देखकर घर जा रहा था।

फूलमती मंदिर चौराहे पर ड्यूटी पर तैनात सिपाही अजय पांडेय को बाइक का हैंडल छू गया। इससे आगबबूला हुए सिपाही ने आकाश को पकड़ लिया और रायफल की बट से पीटना शुरू कर दिया। उसके कान के पास और पेट में गहरी चोट आई है। आकाश ने घटना की जानकारी भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक को दी। थोड़ी देर में भाजपा नगर अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे, तब तक सिपाही मौके से भाग गया था। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता सदर कोतवाली पहुंचे और आरोपी सिपाही पर कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

**आरोपी सिपाही पर होगी कार्रवाई**

नगर अध्यक्ष ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी सिपाही को निलंबित करने की मांग की। मौके पर पहुंचे कलां चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन दिया और घायल आकाश को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में सीओ सिटी अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि वह और कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह हाइकोर्ट गए थे, वहां से वापस लौट रहे हैं। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी सिपाही पर कार्रवाई की जाएगी।

## काशी विद्यापीठः दीक्षांत समारोह में अनिकेत को मिला अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक

**वाराणसी, एजेंसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में एमए इन जर्नलिज्म एंड मॉस कम्यूनिकेशन के छात्र अनिकेत श्रीवास्तव को अतुल माहेश्वरी स्मृति स्वर्ण पदक से नवाजा गया। सोनभद्र स्थित विश्वविद्यालय के एनटीपीसी परिसर के छात्र अनिकेत ने परीक्षा में 7.900 सीजीपीए के साथ सफलता अर्जित की है।

बुधवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. सरोज चूड़ामणि और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के हाथों अनिकेत को स्वर्ण पदक दिया गया। यूपी के विभिन्न विश्वविद्यालयों में पत्रकारिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतुल माहेश्वरी स्मृति स्वर्ण पदक दिया गया है।

इसी क्रम में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के एनटीपीसी परिसर के छात्र अनिकेत को सर्वाधिक अंक हासिल करने पर ये पदक दिया गया। मूल रूप से सोनभद्र के डाला नगर पंचायत निवासी अनिकेत के पिता संजय श्रीवास्तव व्यवसायी और माता अलका श्रीवास्तव गृहिणी हैं।

अनिकेत ने अपनी इस सफलता का श्रेय पत्रकारिता विभाग के शिक्षक डॉ. छोटेलाल प्रसाद और अन्य शिक्षकों के साथ मां-पिता को दिया है। अनिकेत ने कहा कि एनटीपीसी में विश्वविद्यालय प्रशासन को संसाधन पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

## प्रदेश की चुनाव प्रक्रिया में बड़ा बदलाव, हर मतदाता को भरना होगा गणना फार्म, पूरी हुई एसआईआर की प्रक्रिया

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में बिहार की तरह मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके तहत प्रदेश में हर मतदाता को गणना फॉर्म भरकर साइन करना होगा। चुनाव आयोग से तिथियां जारी होते ही यह गणना फॉर्म लेकर बीएलओ घर-घर जाएंगे।

इस संबंध में यूपी के मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी संबंधित अधिकारियों को ट्रेनिंग दे दी है। एसआईआर के लिए वर्ष 2003 की मतदाता सूची वेबसाइट पर अपलोड करने का काम चल रहा है। यह वो मतदाता सूची हैं, जिनका प्रयोग विधानसभा व लोकसभा चुनाव में होता है।



उसके बाद बीएलओ प्रि-प्रिंटेड (पहले से भरे) गणना फॉर्म दो प्रतियों में मतदाताओं को देंगे। इसमें से एक प्रति मतदाता के साइन करवाकर अपने पास रख लेंगे। अगर मतदाता का नाम वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट में है, तो वह सत्यापन के दौरान उसकी डिटेल बीएलओ को दे देगा। आयोग का प्रयास है कि बीएलओ खुद ही 2003 की वोटर लिस्ट की डिटेल निकालकर संबंधित मतदाताओं के गणना फॉर्म के साथ लगा दें, ताकि मतदाताओं को कोई असुविधा न हो। 2003 की मतदाता सूची से पुष्ट मतदाताओं के नाम फाइनल सूची मे शामिल कर लिए जाएंगे।

**देनी होगी ये डिटेल :** जिन मतदाताओं के नाम 2003 की वोटर लिस्ट में नहीं है और उनका जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले हुआ है, उन्हें आयोग की ओर से मान्य 11 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज बीएलओ को देना होगा। इसी तरह से तीसरी श्रेणी में वे मतदाता होंगे, जिनका जन्म 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच हुआ है, उन्हें अपना कोई एक मान्य दस्तावेज और अपने माता या पिता में से किसी एक का मान्य दस्तावेज देना होगा। अगर इस अवधि में जन्म लेने वाले मतदाता के माता या पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में है, तो उसका ब्योरा भी प्रमाण के तौर पर स्वीकार किया जाएगा।

चौथी श्रेणी में दो दिसंबर 2004 के बाद जन्म लेने वाले मतदाता होंगे। उन्हें अपने और अपने माता-पिता दोनों का कोई एक मान्य दस्तावेज देना होगा। जन्म की अवधि की ये तिथियां नागरिकता संबंधी अधिनियम में समय-समय पर हुए संशोधनों को ध्यान में रखते हुए तय की गई हैं। यहां बता दें कि उत्तर प्रदेश में वर्तमान में करीब 15 करोड़ 42 लाख मतदाता हैं। माना जा रहा है कि करीब 70 प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन 2003 की मतदाता सूची के आधार पर हो जाएगा।